वर्ष 73 अंक 191 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 08, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए


# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

प्रयास तभी सफल होते हैं जब मेहनत और लगन सच्ची होती है।
–अज्ञात

## ऑफ बीट

### दुनिया में ये जानवर लेता है सबसे कम नींद



*जिराफ की लंबी गर्दन हर कोई जानता है। यह गर्दन उसे पेड़ों की ऊंची टहनियों से पत्तियां तोड़कर खाने में मदद करती है, लेकिन यही लंबी गर्दन जिराफ को दुनिया का सबसे कम सोने वाला जानवर बना देती है? जंगलों में एक वयस्क जिराफ पूरे 24 घंटे में औसतन सिर्फ 30 मिनट या उससे भी कम नींद ले पाता है। यह नींद भी कई छोटी-छोटी झपकियों में बंटी होती है, जिनमें से हर झपकी 5 मिनट से ज्यादा नहीं चलती, जिराफ शिकार किए जाने वाले जानवर है। ऐसे में गहरी नींद सोना यानी जान से हाथ धोना। इस कारण ये जानवर सबसे कम सोने वाले जानवरों की लिस्ट में शामिल है।*

## आईपीएल में आज

**राजस्थान बनाम बेंगलुरु**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर




### पंचायतों की कमाई का जरिया बनेगी नल-जल योजना

# अगले माह से गांवों में जलकर वसूलेंगी 23 हजार पंचायतें

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की 23 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में अब पीने के पानी की सप्लाई और पाइपलाइन के रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह से ग्राम पंचायतों के हवाले होगी। राज्य सरकार ने इसके लिए नए नियम तैयार कर लिए हैं। इसके तहत अब हर गांव में एक पानी समिति बनाई जाएगी। यह कमेटी न केवल नल कनेक्शन दिलाएगी, बल्कि यह भी तय करेगी कि गांव के लोगों के लिए वाटर टैक्स की दरें कतनी तय की जाएं। खास बात यह है कि अगर कोई उपभोक्ता लगातार तीन महीने तक पानी का बिल नहीं भरेगा, तो पंचायत उसका नल कनेक्शन काट सकेगी। इसके अलावा पानी की बर्बादी करने वालों पर भी नकेल कसी गई है। पाइपलाइन से पानी फैलाते पाए जाने पर 100 से लेकर 500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। ग्राम पंचायतें अब वाटर टैक्स की राशि से ही बिजली बिल के साथ अन्य खर्च भी करेंगी।

### दिव्यांग-विधवा का माफ हो सकेगा बिल, हर माह टेस्टिंग

सरकार ने इन नियमों में ग्राम पंचायतों को अधिकार दिया है कि वे गांव के 5 से 10 ऐसे परिवारों का पानी का बिल माफ कर सकती हैं, जो बेहद गरीब हैं या जिनमें कोई दिव्यांग या विधवा महिला है। नल-जल योजना चलाने के लिए पंचायतों को एक पंप ऑपरेटर रखने की भी छूट दी गई है, जिसका वेतन वसूले गए वाटर टैक्स की रकम से दिया जा सकेगा। पानी की शुद्धता को लेकर भी सख्ती बरती गई है। अब पंचायतों को समय-समय पर फील्ड टेस्ट किट के जरिए पानी की जांच करनी होगी और उसकी रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल पर डालनी होगी। यदि पानी पीने लायक नहीं पाया गया, तो सप्लाई तुरंत रोककर उसकी लैब में जांच करानी होगी।




**वाटर टैक्स की नई दरें तय, 3 माह बिल न भरने पर कटेगा कनेक्शन**

#### हर माह वाटर टैक्स के न्यूनतम रेट भी तय

| प्रकार | दर (रुपए प्रतिमाह में) |
|---|---|
| घरेलू कनेक्शन (ट्राइबल ब्लॉक) | 60 |
| घरेलू कनेक्शन (मास्टर प्लान एरिया) | 120 |
| घरेलू कनेक्शन (सामान्य पंचायत) | 100 |
| स्कूल, कॉलेज जैसी सार्वजनिक संस्था | 200 |
| इंडस्ट्रीज | उपयोग की मात्रा पर |
| गैर घरेलू (इंडस्ट्री से अलग) | 500 |
| **कनेक्शन चार्ज** | |
| एससी/एसटी परिवार | 1000 |
| अन्य परिवार | 2500 |
| सार्वजनिक संस्था | 5000 |
| इंडस्ट्री | 10000 |
| गैर घरेलू (इंडस्ट्री से अलग) | 8000 |

### अब पंचायत को तत्काल सुधारना होगा लीकेज

नई व्यवस्था में शिकायतों के निपटारे के लिए भी समय-सीमा तय कर दी गई है। यदि किसी ग्रामीण के नल में तकनीकी खराबी आती है, तो पंचायत को उसे दो से तीन दिन के भीतर ठीक करना होगा। ग्रामीण अपनी शिकायतें सीधे पंचायत कार्यालय या सीएम हेल्पलाइन पर भी दर्ज करा सकेंगे। सरकार का मानना है कि इस नई व्यवस्था से गांवों में पानी की बर्बादी रुकेगी और लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। साथ ही, बिजली बिलों के भुगतान और छोटी-मोटी मरम्मत के लिए अब पंचायतों को सरकार का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा, क्योंकि वे जल कर से मिलने वाली राशि का इस्तेमाल इन कामों में कर सकेंगी।

### दावे-आपत्ति के बाद लागू किया जाएगा

ग्रामीण अंचलों में यह व्यवस्था पहले से लागू थी, लेकिन नियम नहीं बने थे। अब नए रूल बनाए हैं। इस माह के अंत तक दावे-आपत्ति आने के बाद उनका निराकरण कर इसे लागू किया जाएगा।

**● छोटे सिंह**
संचालक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मप्र

### विधानसभा चुनाव: दो राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में हुआ मतदान

# असम, केरल में बंपर वोटिंग, टूटे रिकार्ड

**85.21%** असम में
**75%** केरल में
**90%** पुडुचेरी में

**गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी।** देश के दो राज्यों असम, केरलम व केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में रिकार्ड सबसे अधिक 84.42 फीसदी,केरलम में 75.01 फीसदी और पुडुचेरी में 86.92 फीसदी वोटिंग हुई। असम में हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस-भाजपा समर्थकों की इस झड़प में 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुडुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस-भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री व कांग्रेस नेता एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने मां कामाख्या मंदिर में पूजा के बाद वोट डाला।


पुडुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आए वोटर्स का स्वागत किया।

#### छुटपुट घटनाएं के बीच मतदान

- असम के श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस कैंडिडेट ने ईवीएम तोड़ दी। यहां करीब तीन घंटे तक वोटिंग रुकी रही। चुनाव अधिकारियों ने दूसरी ईवीएम रखी तब वोटिंग फिर शुरू हुई।
- असम के बरपेटा में सुबह से तेज बारिश के कारण वोटिंग में परेशानी आई।
- केरलम के कन्नूर में वोटिंग खत्म होने के समय शाम 6 बजे के बाद भी कई बूथ पर वोटर्स की लंबी लाइन लगी दिखाई दी।
- केरलम के सीएम पिनाराई विजयन ने कन्नूर में आरसी अमला बेसिक अपर प्राइमरी स्कूल में वोट डाला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने त्रिशूर में मतदान किया।

### बारामती उपचुनाव में सुनेत्रा की जीत तय

**बारामती, जेएनएन।** महाराष्ट्र की राजनीतिक रूप से अहम बारामती विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में अब बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। कांग्रेस ने इस सीट से उम्मीदवार आकाश विश्वनाथ मोरे का नाम वापस लेने का फैसला किया है। इसके साथ डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार का निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। बारामती के चुनावी रण से अब तक 23 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए हैं। कांग्रेस राज्य इकाई ने नामांकन वापस लेने के ऐलान कर दिया है। बारामती को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार यहां से लगातार 8 बार जीत दर्ज कर चुके थे। अजित पवार के निधन के बाद हो रहे उपचुनाव में क्षेत्र में सहानुभूति की लहर साफ देखी जा रही है।



**कांग्रेस उम्मीदवार ने भी वापस लिया नाम**

# महुआ बीनने गए ग्रामीण को बाघ ने बनाया शिकार

### शव के पास रातभर पहरा देता मिला शिकारी

**जागरण, इटारसी।** प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना रेंज के पुराने चनागढ़ के घने जंगलों में इंसान और वन्यजीव संघर्ष की एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। रोजी-रोटी की तलाश में महुआ बीनने गए आदिवासी ग्रामीण सुधराम चौहान (45) को बाघ ने शिकार बना लिया। हृदय विदारक स्थिति तब बनी, जब परिजन गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचे और बाघ को प्रियजन के क्षत-विक्षत शव के पास बैठा पाया। बाघ ने ग्रामीण के हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों को खा लिया था। मौके पर सिर्फ सिर, सीना और दाहिना पैर ही बचा था। ग्राम चनागढ़ निवासी सुधराम चौहान बुधवार सुबह साथी गुड्डू के साथ महुआ बीनने तवा नदी पार कर सतपुड़ा के कोर क्षेत्र (पुराना चनागढ़ जंगल) गया था। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे जब ग्रामीण जंगल में 15 किमी अंदर पहुंचे, तो तवा नदी से महज 500 मीटर की दूरी पर बाघ की दहाड़ सुनाई दी। ग्रामीणों ने शोर मचाकर बाघ को वहां से भगाया, लेकिन पास जाकर देखा, तो सुधराम का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था।



"सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। आदिवासी के शव को पुलिस कार्रवाई के साथ ही पीएम के लिए सुखतवा भेज दिया था। यहां लगातार गश्ती भी चलती है। हम पता कर रहे हैं कि यह कौन सा बाघ है, जो इस तरह से हमला कर रहा है।
**● विनोद वर्मा** अधीक्षक, बोरी अभयारण्य



## शिक्षक सम्मान पर प्रहार नहीं सुरक्षा चाहिए : डॉ रश्मि सिंह



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश में शिक्षकों पर थोपे जा रहे शिक्षक पात्रता परीक्षा के आदेश को लेकर डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि हजारों शिक्षकों में असुरक्षा भय और आक्रोश का माहौल बना है। वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को अचानक इस तरह की अनिश्चितता में डालना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहती हूँ कि जो शिक्षक वर्षों से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं जिन्होंने अपने परिश्रम से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है उनके अनुभव और सेवा को नजरअंदाज करना न केवल अनुचित है बल्कि शिक्षा व्यवस्था के साथ भी अन्याय है।सतना जिला पंचायत उपाध्यक्ष के अपने कार्यकाल में मैंने हमेशा शिक्षकों के हितों उनकी समस्याओं के समाधान और उनके सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा मेरे सार्वजनिक जीवन की प्रतिबद्धता रही है और आगे रहेगी। कांग्रेस पार्टी सदैव शिक्षकों के सम्मान और अधिकारों के साथ खड़ी रही है। हम मानते हैं कि शिक्षकों को डर और दबाव में नहीं सम्मान और विश्वास के साथ कार्य करने का वातावरण मिलना चाहिए। सेवा अवधि का सम्मान करते हुए ऐसे आदेशों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। उनके साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। डॉ रश्मि सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और शिक्षकों के हित में ठोस एवं संवेदनशील निर्णय लिया जाए कांग्रेस पार्टी शिक्षकों के साथ थी है और हमेशा रहेगी।

# दिव्यांग शिविर में शामिल हुए सांसद वितरित किए सहायक उपकरण

जागरण, सतना



सूचना पर्यटन केंद्र में आयोजित दिव्यांग शिविर के दौरान गुरुवार को सांसद गणेश सिंह ने दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए और उनका सम्मान भी किया। यह शिविर उत्थान सेवा फाउंडेशन द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम हाथ.पैर व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, कैलिपर्स और वैशाखी जैसे उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खास बात यह है कि यहां पर ही नाप लेकर मौके पर जयपुर फुट भी तैयार कर दिया जा रहा है, जिससे लाभार्थियों को तत्काल सुविधा मिल रही है।

### कोई भी दिव्यांग वंचित न रहे यही हमारा लक्ष्य : गणेश सिंह

सांसद ने कहा कि मानव जीवन की सबसे बड़ी सेवा पीड़ित मानवता और नर.नारायण की सेवा है। इसी भावना के साथ सतना और मैहर जिले के सभी विधानसभा मुख्यालयों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण आसानी से उपलब्ध कराए जा सकें। गणेश सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके संसदीय क्षेत्र में समय.समय पर ऐसे शिविर लगाकर दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रयास यह है कि सतना और मैहर जिले का कोई भी दिव्यांग व्यक्ति जरूरी सहायक उपकरणों से वंचित न रहे और हर पात्र व्यक्ति तक सहायता पहुंचे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन शिविरों के माध्यम से शत.प्रतिशत दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और कोई भी लाभार्थी निराश होकर वापस नहीं जाएगा।

## शिक्षक शक्ति के प्रति जताई कृतज्ञता



**जागरण सतना।** सभी सम्माननीय शिक्षक अध्यापक भाइयों एवं बहनों तथा मोर्चा के समस्त सहयोगी साथियों को राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने सभी के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 8 अप्रैल को आयोजित धरना.प्रदर्शन एवं रैली में सभी शिक्षक भाइयों और बहनों की सक्रिय सहभागिता अनुशासन अद्भुत एकजुटता एवं समर्पण ने इस आंदोलन को अत्यंत प्रभावशाली बना दिया। यह शक्ति इस बात का सशक्त प्रमाण है कि जब शिक्षक समाज एकजुट होकर खड़ा होता है तो उसकी आवाज को कोई अनदेखा नहीं कर सकता।यह सफलता आप सभी की जागरूकता दृढ़ संकल्प और संघर्षशीलता का परिणाम है।आपने अपने कर्तव्यों के साथ.साथ अधिकारों के लिए जिस सजगता और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभाईए वह अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायक है।आशा है कि भविष्य में भी हम सभी इसी एकता ऊर्जा और संकल्प के साथ शिक्षा एवं शिक्षक हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहेंगे। आप सभी का पुनः हृदय से आभार एवं अभिनंदन।

# हरनामपुर में सर्विस लाइन की मरम्मत शुरू





खनन माफिया का कहर, ओवरलोड ट्रकों ने सड़कों को बनाया कब्रगाह
खनन व ओवरलोड का कहर सड़कों की सांसें टूटीं, प्रशासन की चुप्पी बनी खतरा

**जागरण,मैहर।** हरनामपुर क्षेत्र की नेशनल हाईवे सर्विस लाइन लंबे समय से खराब हालत में पड़ी थी जिससे आम लोगों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था भारी वाहनों खासकर पत्थर से लदे ओवरलोड ट्रकों की लगातार आवाजाही ने सड़क को पूरी तरह तोड़ दिया था जगह जगह गहरे गड्ढे बन गए थे और हालात ऐसे हो गए थे कि पूरे इलाके में दिन भर धूल का गुबार उड़ता रहता था जिससे आसपास रहने वाले लोग और राहगीर परेशान थे सड़क किनारे रहने वाले परिवारों का जीवन भी प्रभावित हो रहा था और आने जाने वाले वाहन चालकों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा था इस गंभीर समस्या को दैनिक जागरण ने तीन अप्रैल के अंक में प्रमुखता से उठाया था जिसके बाद अब प्रशासन ने संज्ञान लिया है और सर्विस लाइन की मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है वर्तमान में गड्ढों को भरने और रास्ते को समतल करने का कार्य जारी है जिससे लोगों को कुछ राहत मिलती नजर आ रही है हालांकि अभी यह कार्य अस्थायी रूप में किया जा रहा है लेकिन क्षेत्र के लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही सड़क का पक्का और स्थायी निर्माण भी कराया जाएगा ताकि बार बार इस समस्या का सामना न करना पड़े स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब तक ओवरलोड ट्रकों के संचालन पर नियंत्रण नहीं लगाया जाएगा तब तक सड़क की हालत में सुधार लंबे समय तक टिक नहीं पाएगा इसलिए जरूरी है कि प्रशासन मरम्मत कार्य के साथ साथ भारी वाहनों पर भी सख्ती करे फिलहाल दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद ही जिम्मेदार विभाग सक्रिय हुआ है और काम शुरू हुआ है जिससे क्षेत्र के लोगों में राहत की भावना है और उन्हें उम्मीद है कि आगे भी इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# भारतीय सिंधु सभा कल मनाएगी सिन्धी भाषा दिवस

**जागरण, सतना।** राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा द्वारा 10 अप्रैल शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक कॉलोनी स्थित मनोहर धाम में महंत स्वामी संतोखदास के मुख्य आतिथ्य एवं संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी की गरिमामय उपस्थिति में सिन्धी भाषा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने जानकारी देते बताया इस अवसर पर आयोजित विचार संगोष्ठी में छात्र छात्राओं के लिए सिन्धी भाषा में भव्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई है। संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य गोपी गेलानी प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश सुखेजा संभाग प्रभारी विक्रम चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी मनोहर आर्तनी चंद मनवाणी अध्यक्ष अशोक चांदवानी भाई अशोक आहूजा इंद्रलाल कापड़ी विनोद गेलानी रंजीत सेनानी रूपचंद सचदेव नारायण दास गुलाबी महेश रावलानी ज्ञान खटवानी मनीष सदानी बंसी नागदेव कन्हैयालाल पोहानी राजेश कोटवानी विकास सुखेजा जैकी सांवरिया श्रीमती राखी होतचंदानी सिमरन होतचंदानी रेशम दूसेजा बबीता गंगवानी ने संस्था के सभी सम्माननीय सदस्यों एवं समाज के सम्माननीयगणों से कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

# सरस्वती विद्यालय के पूर्व छात्रों ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा



**जागरण, सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान के 2020 बैच के पूर्व छात्र मयंक ने 98.836 परसेंटाइल एवं 2017 बैच के विशाल त्रिपाठी ने 98.28 परसेंटाइल के साथ यूजीसी नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण की है। 2017 बैच के पूर्व छात्र विक्रम सिंह ने 93.49 परसेंटाइल व पूर्व छात्रा शिप्रा अग्निहोत्री ने 80.58 परसेंटाइल के साथ यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इन सभी ने दिसंबर 2025 में आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम के साथ अपने परिवार के साथ विद्यालय परिवार एवं रामपुर बाघेलान नगर को गौरवान्वित किया है। मयंक मिश्रा सरस्वती विद्यालय के व्याख्याता स्व दिनेश मिश्रा के बेटे हैं जिन्होंने अपने विद्यार्थियों का हर क्षेत्र में सदैव उत्साहवर्धन किया है। विशाल रामपुर बाघेलान के ग्राम लामी करही के सरपंच विदुर त्रिपाठी के भतीजे एवं महेश प्रसाद त्रिपाठी के बेटे हैं। विक्रम कुर्मीहाटोला के दिनेश सिंह के बेटे वहीं शिप्रा सेमरिया ग्राम निवासी मनोज अग्निहोत्री की बेटी हैं। इन चारों पूर्व छात्रों के सुयश पर सरस्वती विद्यालय प्रबंधन आचार्य परिवार एवं पूर्व छात्र परिषद ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## सांसद गणेश सिंह ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री का जताया आभार

**सतना।** सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विकास को लेकर महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है। सांसद श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2026 में सड़क निर्माण के लिए सतना लोकसभा क्षेत्र की सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 333 सड़कों के डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की स्वीकृति दी गई है। इन डीपीआर को तैयार करने का कार्य प्रारंभ करने के लिए सांसद सिंह ने गुरुवार को जीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सतना को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मजरा.टोला सड़क योजना के अंतर्गत सतना और मैहर जिले की 372 सड़कों की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार किए जा रहे हैंए जिनका टेंडर शीघ्र जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सांसद श्री सिंह ने बताया कि वर्तमान में सोहावल की 7,रामपुर की 30 तथा रामनगर की 18 सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और इनके टेंडर की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## विधायक ने कहा खरीदी में देरी होने से 50 प्रतिशत किसान हो गये डिफाल्टर

**जागरण सतना।** गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं और नगर निगम क्षेत्र की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सिविल लाइन चौपाटी पर एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया को 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों की खराब स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि गेहूं खरीदी केंद्र समय पर शुरू नहीं हो रहे हैं जिससे किसानों को अपनी उपज कम दामों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कांग्रेस ने समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने समय पर भुगतान करने तथा खरीदी केंद्रों में नाप.तौल और बारदाने की उचित व्यवस्था करने की मांग की। इसके अलावा मूंग और मसूर की भी एमएसपी पर खरीदी किसानों के ऋण की वसूली की तिथि बढ़ाने और छोटे एवं सीमांत किसानों का कर्ज माफ करने की मांग प्रमुखता से उठाई। कार्यकर्ताओं ने खरीदी केंद्रों पर बिजलीए पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की।



### भाजपा सरकार की नीतियों पर विधायक ने उठाये सवाल

इस मौके पर विधायक एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा ने आरोप लगाया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर खरीदी समय पर शुरू नहीं किए जाने से 50 प्रतिशत क्रेडिट कार्डधारी किसान डिफॉल्टर हो गए हैं। उन्होंने इसे भाजपा सरकार की नीतियों का परिणाम बताया। कार्यकर्ताओं ने यातायात अव्यवस्था और अधूरे फ्लाईओवर निर्माण को शीघ्र पूरा करने की मांग की। बिजली व्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई गई जिसमें आरोप लगाया गया कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है और बिना सहमति स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा , शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी पूर्व विधाकय कल्पना वर्मा कांग्रेस नेत्री डॉ रश्मि सिंह , पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामशंकर पयासी, उर्मिला त्रिपाठी, , प्रभाबागरी , गीता सिंह बालेश त्रिपाठी , सज्जन सिंह तिवारी, अजीत सिंह , सहित बडी तादाद में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## युवा संगम रोजगार मेला 15 अप्रैल को शासकीय आईटीआई में

**जागरण सतना।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 15 अप्रैल 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना/मैहर ने बताया कि रोजगार मेले में चैतन्य फायनेंस, प्राकृतशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा इंटरप्राइजेज, मदरशन सूमि, ट्रस्ट मार्क कन्सूलटेंटस प्राइवेट लिमिटेड, सीआईआई एमसीसी, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, ही टेक गेयर्स, सनसेरा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हेयर इंडिया लिमिटेड, इंटरटेक क्वालिटी एसोसिएटस, स्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया, एसएमआर ऑटोमोक्टिव प्राइवेट लिमिटेड, इनफिनिटी कैरियर सोल्युशन, क्वालिटी आस्ट्रिया सेंट्रल एशिया तथा बजाज ऑटो लिमिटेड में शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर में हुआ इंटर्नशिप ड्राइव का समापन




**जागरण, सतना।** कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस एवं ईडी स्मार्ट सिटी शेर सिंह मीणा के निर्देशन में इनक्यूबेशन सेंटर में इंटर्नशिप ड्राइव 4.0 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस ड्राइव में 140 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न कंपनियों के साथ इंटरव्यू दिए। सतना और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने करियर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। इस आयोजन में कई प्रतिष्ठित स्टार्टअप्स एवं कंपनियों ने भाग लिया। इन कंपनियों द्वारा छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए गए। इस ड्राइव के माध्यम से कुल 27 छात्रों को पेड बेसिस पर चयनित किया गया वहीं 35 छात्रों को सर्टिफिकेट बेसिस इंटर्नशिप का अवसर मिला। इसके अलावा 15 छात्रों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया है जो आगे की चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। स्मार्ट सिटी सतना लगातार युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यही है कि सतना के छात्रों को बेहतर अवसर अपने ही शहर में उपलब्ध हों और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े। इस दौरान सतना स्मार्ट सिटी से मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत शांतनु सिंह संजना सिंह विष्णुकांत चौरसिया उपस्थित रहे।

## सांसद को सौंपा 3 सूत्रीय मांग पत्र, यात्री सुविधाओं पर जोर



**अमदरा।** भाजपा मण्डल अमदरा के महामंत्री विवेक तिवारी ने सतना सांसद माननीय गणेश सिंह को मैहर कार्यक्रम के दौरान 3 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान उन्होंने आमजन और यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मांग पत्र के माध्यम से पहली मांग झुकेही रेलवे स्टेशन में पैदल पुल ;फुटओवर ब्रिजद्ध निर्माण की की गईए जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। दूसरी मांग में कटनी.मैहर खंड के झुकेही मोड़ पर बने हाइवे ब्रिज में सर्विस रोड निर्माण की आवश्यकता बताई गई। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिल सकेगी। तीसरी और महत्वपूर्ण मांग अमदरा रेलवे स्टेशन में रीवा.इतवारी ट्रेन के ठहराव को लेकर रखी गई। इससे नागपुर जाने वाले यात्रियोंए विशेष रूप से मरीजों को काफी सुविधा मिलने की बात कही गई।

# आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट बने विवेक गुप्ता, क्षेत्र में खुशी की लहर



**जागरण,रामनगर।** क्षेत्र के होनहार युवक विवेक गुप्ता ने आयकर विभाग में सुपरिटेंडेंट पद पर चयनित होकर रामनगर का नाम रोशन किया है। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में उन्होंने 600वीं रैंक हासिल कर यह उपलब्धि प्राप्त की। उनकी सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विवेक गुप्ता, रामनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी जय कुमार गुप्ता के पुत्र हैं। साधारण परिवार से आने वाले विवेक ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। परिजनों के अनुसार विवेक शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहे हैं और उन्होंने लक्ष्य तय कर लगातार तैयारी की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। माता-पिता ने बेटे की सफलता पर गर्व जताते हुए कहा कि यह उनकी वर्षों की मेहनत का परिणाम है। विवेक के चयन की खबर मिलते ही क्षेत्रवासियों, मित्रों, शुभचिंतकों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया। लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवेक की सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

# टीईटी के विरोध में रामपुर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जागरण रामपुर बघेलान।** शिक्षकों की पात्रता परीक्षा जो जुलाई और अगस्त माह में होने वाली है। शासन की दमनकारी नीतियों और शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए आदेश के खिलाफ टीईटी परीक्षा के विरोध में रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमे ललित मोहन त्रिपाठी सुधीर कुमार निगम संजय निगम रामबली सिंह विजय कुमार वर्मा मनोज कुमार शुक्ला रामाश्रय वर्मा रेवलाल उइके प्रद्युम्न सिंह परिहार जयवीर सिंह आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# मैहर पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 5 अधिकारियों के तबादले

## प्रशासनिक आधार पर जारी आदेश, तत्काल प्रभाव से लागू

**जागरण,मैहर।** जिले में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 5 अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। सभी को नवीन पदस्थापना स्थल पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के तहत कार्य निरीक्षक रेनु मिश्रा को थाना प्रभारी देहात से पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि कार्य निरीक्षक पंचराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी देहात की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह कार्य उपनिरीक्षक भैयालाल कोल को थाना रामनगर से थाना अमरपाटन स्थानांतरित किया गया है। कार्य सहायक उपनिरीक्षक शशिकांत प्यासी को थाना अमदरा से यातायात शाखा मैहर में पदस्थ किया गया है। वहीं कार्य सहायक उपनिरीक्षक अवधराज सिंह को पुलिस लाइन से थाना अमदरा भेजा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारी तत्काल अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर इसकी सूचना वरिष्ठ कार्यालय को उपलब्ध कराएं। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल को कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


//कार्यालय पुलिस अधीक्षक मैहर, जिला मैहर (म0प्र0)//

//आदेश//

| क्र | पदनाम | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्य.निरीक्षक | रेनु मिश्रा | थाना प्रभारी देहात | पुलिस लाईन |
| 2 | कार्य.निरीक्षक | पंचराज सिंह | पुलिस लाईन | थाना प्रभारी देहात |
| 3 | कार्य.उपनिरीक्षक | भैयालाल कोल | थाना रामनगर | थाना अमरपाटन |
| 4 | कार्य.सउनि | शशिकांत प्यासी | थाना अमदरा | यातायात मैहर |
| 5 | कार्य.सउनि | अवधराज सिंह | पुलिस लाईन | थाना अमदरा |

पुलिस अधीक्षक
जिला-मैहर

दिनांक-09/04/2026

## कैबिनेट मंत्री ने रमेश चंद्र तिवारी से की सौजन्य भेंट और पार्टी के संगठन विस्तार पर चर्चा

**कोटर।** सतना जिले के ग्राम कलबलिया में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व संभागीय संगठन मंत्री माननीय जितेन्द्र लटोरिया जी कलबलिया निवासी पर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता रमेश चंद्र तिवारी के निज निवास पहुंच कर सप्रेम मुलाकात की। जहां पर मंत्री जी का रमेशचन्द्र तिवारी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और पार्टी के संगठात्मक एवं सत्ता के संबंध में गहन विचार विमर्श हुआ। साथ ही संगठन के विषय में रचनात्मक मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर अरुण त्रिपाठी जीएराजेश शुक्ला जीएरामकेश तिवारी जीएराम उदय तिवारी जीएशुभम तिवारी सहित कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र.**

क्रमांक /26 / न.प./2026 बिरसिंहपुर दिनांक 08.04.2026

नामान्तरण/हस्तान्तरण हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार नामान्तरण / हस्तान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

| हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तरण ग्रहिता का नाम | वार्ड क्रमांक | रकवा | नामान्तरण का आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री लल्लू प्रसाद प्रजापति | श्री अशीष कुमार प्रजापति | 05 | 12.5×50 | सहमत शपथ पत्र |
| 2. सोमवती गुप्ता | कामता प्रसाद तोमर | 04 | 06×22 | विक्रय शपथ पत्र |
| 3. कामता प्रसाद तोमर | शिव नारायण तोमर | 04 | 5.9×30 | विक्रय शपथ पत्र |
| 4.छेदीलाल गुप्ता | रामजी गुप्ता | 02 | 14×100 | सहमत शपथ पत्र |
| 5. संतोष कुमार गुप्ता | श्रीमती गुडिया गुप्ता | 02 | 7×100 | विक्रय शपथ पत्र |
| 6. श्री संतोष कुमार नामेदव | श्रीमती बीना कोरी | 06 | 960.38 | विक्रय शपथ पत्र |

इस संबंध में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रमाण सहित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों में कोई भी विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर
जिला सतना म.प्र.

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## ट्रंप के बिगड़े बोल उनकी हताशा का परिणाम

*अमेरिका के अब तक के इतिहास में शायद ही कोई डोनाल्ड ट्रंप जैसा अधीर, अपरिपक्व, बयानवीर और व्यापारी सोच का राष्ट्रपति हुआ हो। लगता है संयम , नैतिकता तथा गरिमा जैसे शब्द उनके शब्दकोश में ही नहीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका-इस्राइल युद्ध के चरम के बीच उन्होंने जिन अपशब्दों का प्रयोग ईरान के लिए किया, वो उनकी हताशा को ही दर्शाता है। उनके बयानों की पूरी दुनिया के साथ अमेरिका के भीतर भी कड़ी आलोचना हुई है। आज अमेरिका के नागरिक भी सोचते होंगे कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र में राष्ट्रपति को इतने निरंकुश अधिकार देना क्या प्रजातंत्र के हित में है?*

*निश्चित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर, अपशब्दों और धार्मिक संदर्भों के साथ तेहरान को दी गई चेतावनी, ट्रंप के आवेगपूर्ण उकसावे के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है। एक महाशक्ति के मुखिया द्वारा ऐसी सतही भाषा का प्रयोग न केवल अशोभनीय है बल्कि घातक परिणामों की ओर ले जाने वाला भी है। जाहिरा तौर उनकी धमकियां ईरान को बातचीत की मेज पर लाने के बजाय, उसे और आक्रामक तरीके से जवाबी कार्रवाई करने को उकसाएंगी। निश्चित तौर पर इस तरह की सतही बयानबाजी एक जटिल भू-राजनीतिक संघर्ष को धार्मिकता की एक सरल कहानी में बदलने का जोखिम पैदा करती है। यही वजह है कि अमेरिकी सांसदों ने यह पता लगाने के लिये जांच की मांग की है कि क्या धार्मिक मान्यताओं का प्रयोग सैन्य कार्रवाई को सही ठहराने के लिये किया जा सकता है? उनका तर्क है कि सैन्य निर्णय कानून,रणनीति और जवाबदेही द्वारा निर्देशित होने चाहिए, न कि ईश्वर या बाईबल की भविष्यवाणियों का हवाला देकर। निश्चित रूप से ट्रंप की इन आक्रामक ब्यानबाजियों और कारगुजारियों की कीमत आने वाले वर्षों में अमेरिकियों को चुकानी पड़ सकती है। वहीं दूसरी ओर ट्रंप की गैरजिम्मेदार धमकियां पश्चिमी एशिया में अमेरिकी रक्षा कर्मियों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती हैं। वहीं दूसरी ओर गुप्त राजनयिक प्रयासों को भी पटरी से उतार सकती हैं। दुनिया की महाशक्ति के सबसे शक्तिशाली नेता होने के नाते,उन्हें यह जरूर समझना चाहिए कि उनके बेतुके शब्दों से अमेरिकी विदेशी नीति को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। जाहिरा तौर पर सशक्त नेतृत्व के लिये जिम्मेदारी के साथ विश्वसनीयता और स्पष्टता भी बेहद जरूरी है। ऐसे में धर्म को हथियार बनाने का उनका यह प्रयास घोर हताशा को ही दर्शाता है। जो इस बात की भी पुष्टि करता है कि अमेरिकी जनता ने एक व्यक्ति की क्षमताओं से कहीं अधिक दायित्व उन्हें सौंपा है। जिसकी वजह यह भी है कि ट्रंप ईरान की क्षमताओं का आकलन करने में चूके हैं। वे जमीनी हकीकत से इतर लगातार अमेरिका की जीत के दावे कर रहे हैं। जब कि वास्तविकता यह है कि सब कुछ खत्म करने के दावों के बावजूद ईरान अमेरिका व इस्राइल को पूरी टक्कर दे रहा है। वह खाड़ी में न केवल अमेरिका के मित्र देशों को निशाना बना रहा है बल्कि इस्राइल के भीतर व मध्यपूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले कर रहा है।*

*इधर ट्रम्प ईरान के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति पद की मर्यादा भी नीलाम कर रहे हैं, लिहाजा अमरीकी संसद में '25वां संशोधन' लागू करने की पुरजोर मांग उभरी है। इसमें ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी और विपक्ष की डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर, सांसद शामिल हैं। अभी तक इस संशोधन के तहत किसी भी राष्ट्रपति को हटाया नहीं जा सका है। दरअसल यह युद्ध ही 'अवैध' है। अमरीका के संविधान और कानून के मुताबिक यह युद्ध अवैध है, क्योंकि अमरीकी कांग्रेस (संसद) की अनुमति नहीं ली गई है।*

*ट्रंप के बड़े-बड़े दावों के बावजूद न तो ईरान में सत्ता परिवर्तन ही हुआ है और न ही यह तय हो पाया कि ईरान भविष्य में परमाणु क्षमता हासिल नहीं कर सकता है। उलटे अमेरिका में ट्रंप की लोकप्रियता में तेजी से गिरावट आई है।*

प्रसंगवश

## प्रशासनिक लापरवाही की कीमत जनता चुका रही

*जब भी कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार (चाहे वह राज्य सरकार हो या केंद्र) जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा करती है, लेकिन इसके कुछ समय बाद सब कुछ बदस्तूर चलने लगता है।*

*दरअसल, पीने का स्वच्छ पानी सबसे बुनियादी जरूरतों में से एक है, जिसके सुरक्षित होने के सवाल पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। विडंबना यह है कि देश के अनेक हिस्सों में दूषित पेयजल से उपजे जोखिम के मामले सुर्खियों में आने पर सब कुछ ठीक करने के सरकारी आश्वासन जरूर सामने आते है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वैसी ही घटना कहीं और से सामने आ जाती है।*

*गौरतलब है कि जयपुर के सुशीलपुरा इलाके में दूषित पेयजल से पिछले हफ्ते सैकड़ों लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। लोगों ने उल्टी, दस्त, पेट दर्द, जी मिचलाने और बुखार जैसे लक्षणों की शिकायत की। खबरों के मुताबिक, इलाके में सड़क बनाने के काम के दौरान पानी की भूमिगत पाइपलाइन टूट गई, जिससे पेयजल में सीवर का पानी मिल गया। ऐसा लगता है कि न तो स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर है, न ही विकास कार्यों के दौरान इस बात का खयाल रखना जरूरी समझा जाता है कि क्या इसकी वजह से दूसरी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। देश के किसी हिस्से में दूषित पेयजल की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। करीब तीन महीने पहले देश के सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों बीमार हो गए। तब यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण बना था और इसके बाद हर ओर से पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की मांग उठी थी। हकीकत यह है कि आए दिन देश के किसी हिस्से से दूषित पेयजल की वजह से लोगों के बीमार होने की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि जिस दौर में हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, उसमें अक्सर ऐसी घटनाएं सामने क्यों आ रही हैं कि लोगों के घरों में दूषित पेयजल पहुंच रहा है।*

*कभी सीवर का पानी पाइपलाइन में मिल जाता है, तो कभी किसी अन्य कारण से जहरीला पेयजल लोगों तक पहुंचता है। विकास कार्यों के संचालन और तालमेल की हालत यह है कि सड़क की खुदाई करते हुए इस बात को लेकर सावधानी बरतना जरूरी नहीं समझा जाता कि पेयजल की पाइपलाइन को कोई नुकसान न पहुंचे।*

*सरकार के कामकाज में बरती गई लापरवाही की वजह से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित होने की किसी घटना का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर कदम सख्ती से उठाए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो।*
*मगर सच यह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा करती है, लेकिन इसके कुछ समय बाद सब कुछ बदस्तूर चलने लगता है। सरकारी महकमों की लापरवाही और कुप्रबंधन की वजह से जब बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं या उनकी जान जाती है, तो निचले स्तर के कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करके समस्या का हल मान लिया जाता है, जबकि इसके वास्तविक दोषी बचे रह जाते हैं। नतीजतन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। दूषित पेयजल से लोगों के बीमार होने की खबरों से यही साबित होता है कि आम जनता की सेहत और जिंदगी को लेकर सरकारी तंत्र किस हद तक लापरवाह है। जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के केवल नारे या दावे से समस्या का हल नहीं निकल सकता।*



# प्रार्थना...



जहाँ माँग है... वहाँ प्रार्थना नहीं है... माँग स्वार्थ का झरोखा खोल देती है... स्वार्थ से कपट का कपाट खुलता है और परोपकार का पट बन्द हो जाता है...स्वार्थी मनुष्य न उपकार कर सकता है और न ही स्वयं का उद्धार...स्वार्थ में संकीर्णता है... जबकि प्रार्थना विराट की अनंत आराधना है... जिस में न कोई स्वार्थ है... न कोई माँग है...

प्रार्थना तो खुले उन्मुक्त आकाश सी होती है जिसका न कोई ओर है न कोई छोर... जिसका न कोई आर है न पार... प्रार्थना में कोई माँग नहीं.... यहाँ तक कि प्रार्थी तो भगवान से स्वयं भगवान को भी नहीं माँगता... वह तो एक बार खाली निर्मल मन से प्रार्थना के आनंद सागर में जो डूबा सो डूबा... फिर न तो वह तैरता है... न ही प्रार्थनाओं की जलधि से बाहर ही आना चाहता है... वह तो फिर क्षीर सागर की सीपी में बन्द मोती सा चमकदार हो जाता है... जिसकी सीपी भी परमात्मा है... और उस सीपी तथा सीपी में बंद आत्मा के मुक्ता... और उस मुक्ता मोती की चमक भी परमात्मा ही है... ऐसा भाव विभोर हो प्रार्थना करने वाली जीवात्मा... एक न एक दिन जड़कर सुशोभित जाती है श्री हरि विष्णु के वक्ष पर झूलती मुक्ता- मोतियन की माला में...

प्रार्थना शब्द नहीं मौन है... प्रार्थना में भव नहीं भाव है...प्रार्थना में मन का अर्पण है... प्रार्थना में प्रार्थी का समर्पण है... प्रार्थना में द्वैत नहीं अद्वैत है... प्रार्थना में भक्त और भगवान में अन्तर नहीं है... दोनों एक ही रूप हैं...

**आज फिर हमने, खुद से बात करी**
**आज फिर खुद की, खुद से बात करी**
**कौन वह शख्स है, चुपचाप सदा रहता है।**
**उसकी चुप्पी में है क्या बात, चुप से बात करी**
**आज वह फिर दिखा सुनसान जगह पे बैठा**
**फिर उदासी की बुलंदी पे झुक के बात करी...**

जिसे प्रार्थना करने की समझ आ गई... जिसे प्रार्थना करने का ढंग आ गया... जिसके अन्तर्मन में प्रार्थना के मौन भाव जाग गये... जिसका अतीत खो गया... जो भविष्य की चिन्ता से मुक्त गया... जिसका वर्तमान प्रार्थना उसके व्यक्तित्व से दूर कहीं तिरोहित हो गया... उसकी तो वहीं उसी पल से प्रार्थना शुरू हो गई... फिर भला उसे मंदिर-मस्जिद-गुरुद्वारे गिरजा जाने की कहाँ जरूरत... कहाँ चिन्ता... फिर तो यह सारा जगत उसके लिए मंदिर-मस्जिद-गिरजे-गुरुद्वारे सा पावन है... उसने फिर जहाँ सिर झुका दिया वहीं काबा है... जहाँ दण्डवत प्रणाम कर लिया वहीं बद्री-विशाल आ खड़े हुए...भला ऐसे निष्कपट... निष्काम... निरंतरता के साथ प्रार्थी के लिए तो हर गली ... हर कूचा... हर राह... उसी परमात्मा की ही राह है... दुनिया की राह में आने वाली हर चट्टान भी फिर उसके लिये परमात्मा के मंदिर का द्वार खोल देती है... ऐसे किसी मौन भावमय... भावुक... शब्द हीन... संज्ञाहीन... प्रार्थना करने वाले भक्त के लिए... ऐसा ही एक प्रार्थनाकार हुआ था इस दुनिया में कभी... जो कहता था...




**राम की चिड़िया, राम का खेत।**
**खाओ रे चिड़ियों, भर-भर पेट ।।**

इतना मतवाला था वह राम का प्यारा अपनी राम धुन में कि...जब मुल्लों-मौलवीयों ने उससे कहा... अरे काफिर... बे-अक्ल... बे-हया...बेशर्म... तुझे इल्म भी है... क्या तुझे खबर है... क्या तू जानता भी है की तू मुकद्दस 'काबे' की ओर पांव करके लेटा है... यह कुफ्र है... यह पाप है..हटा अपने पांव... और तब वह मतवाला निष्काम... निःशब्द प्रार्थी... अपनी प्रार्थनाओं में डूबा हुआ वह महामानव वह गुरु... बोल उठा था... भाई तनिक कृपा कर मेरे पाँव उस दिशा में मोड़ दो... जहाँ काबा न हो... जहाँ खुदा न हो... मैं अनजान... अज्ञानी क्या जानूँ काबा... क्या जानूँ काशी... और तब...दुनिया ने तमाशा देखा... जहाँ-जहाँ गुरु नानक देव जी के पाँव घूमते... वहाँ-वहाँ काबा घूमता जाता... यह तो कुछ ऐसी ही बात थी...

**साक़ी शराब पीने दे मस्जिद में बैठकर**
**या ऐसी जगह बता दे जहाँ खुदा न हो।**

जिसे प्रार्थना आ गई... उसने तो जब स्मरण कर लिया... उसके मन मंदिर के बन्द कपाट खुल गये... उसके हृदय के मंदिर में देव प्रार्थना के लिए लगे आत्म घंट की ध्वनि गूँज उठी उसके कानों में... धूप-आगर से सुवासित उठीं उसकी सांसें और उसके अंतर्मन में नाचने लगे रास-बिहारी राधिका के संग... प्रार्थी की प्रार्थना में तो यही भाव उठते हैं कि...

**तेरे कूचे में रहकर, मुझ को मर मिटना गंवारा है,**
**मगर दौरों-हरम की खाक अब छानी नहीं जाती।**

अब मंदिर-मस्जिद-गिरजे गुरुद्वारे की क्या खाक छानूं... हर दर तेरा दर है... हर शब्द तेरी प्रार्थना है... हर भाव में तेरी ही तो मूरत है... चाहे रहूँ... चाहे जाऊँ... चाहे जिऊँ... चाहे मरूँ... पर जब तू मेरे अन्दर है... जब तू मेरा है और मैं तेरा हूँ... तब अब काहे को भटकूँ सुबह-शाम...किन्तु अज्ञानियों के लिये... आज के इस युग में... शिवालयों में... देवालयों में... मस्जिद और गिरजों में... प्रार्थना का मतलब माँग और सिर्फ माँग है... ज़मीन पर रहने वाले दो हाथ दो पैर वाले आदमी के लिए अब प्रार्थना... उस विराट अनंत परमात्मा से अपनी जरूरतों को पूरी करने की खुदग़र्ज कोशिश है... एक आम आदमी के लिए प्रार्थना का शायद कुछ ऐसा ही मतलब है कि... अल्लाह मेरी लाड़ो का निकाह पढ़वा दे... भगवान हमारी बिटिया की सगाई करवा दो... वाहे गुरु मेरे रुके सब काम बनवा दे... मैं पूछना चाहता हूं कि क्या यही प्रार्थना का मतलब होता है... ? नहीं... कदापि नहीं...

प्रार्थना करने वाले को तो वट वृक्ष सा परोपकारी होना चाहिए जो अपने लिए कुछ न रक्खे... बस बाँटता ही जाये... बाँटता ही जाये... जब तक जिये तब तक सबको बसेरा बाँटे... सुख-छाया बाँटे... और जब मर जाये तब भी अपना पार्थिव ... अपनी प्रार्थनाएँ और निष्काम प्रार्थनाओं से उपजी पुण्यायी बाँटे सभी को... तभी तो भगवान श्री कृष्ण गीता में कहते हैं... वृक्षों में मै 'अश्वत्थ'... अर्थात पीपल का वृक्ष हूँ... महाभारत के अनुशासन पर्व में भी भगवान श्री विष्णु के जो सहस्त्रनाम बतलाये गये हैं... श्री नारायण के उन एक हजार नामों में 'वृक्षाय नमः' कह कर परमात्मा के श्री हरि-विष्णु के सर्व परोपकारी रूप को नमन किया गया है... प्रार्थना के इन मौन चिंतन के पलों में... अपने निज विचारों के इन एकांत पलों में... मैं अपनी बात वृक्ष की प्रार्थना के स्वरूप से ही पूरी करता हूँ... इस आशा और विश्वास के साथ कि... हम सबके हृदयों को... जीवन की अंतिम सांस से पहले... प्रभु की प्रार्थना के कुछ परोपकारी निष्काम पल अवश्य मिल जायें..

काटने से पहले लकड़हारे ने पूछा
अंतिम इच्छा क्या है... ?
बूढ़े बरगद ने कहा
जीवन भर मैंने किसी से कुछ नहीं माँगा
आज बर्बर होते इस समय में
मरने से पहले क्या माँगू ?
लेकिन...
अगर सम्भव हो तो, मुझे गिरने से बचा लेना
आस-पास बनी झोपड़ियों पर से
भले ही श्मशान में, किसी की चिता पर सजा देना
मेरी लकड़ियों को...
परन्तु किसी स्वार्थी के
स्वार्थ भरी प्रार्थनाओं के
हवनकुंड की आग से बचा लेना मुझे...
बचा लेना मेरी टहनियों को
किसी अनर्गल कर्मकाण्ड से...
ज़रूर बचा लेना
मेरी शाख पर बने, बया के उस घोंसले को...
कुछ युगल प्रेमियों ने खींच दी हैं
मेरे खुरदुरे तन पर
कुछ आड़ी-तिरछी रेखायें
जिन में छुपी हैं मन की कोमल भावनायें...
बड़ी उम्मीद से लिपटी हैं
मेरी बाहों पर कुछ कोमल लतायें
हो सके तो बचा लेना, उनकी इस उम्मीद को...
प्रेम की इस भाषा के अनगढ़ शिल्प को
मैने अब तक, बचाए रक्खा है इन्हें
प्रचंड हवाओं से, बारिश और तपिश से
इनसे है मेरा नैसर्गिक नाता...
लेकिन मैं डरता हूँ
तुम आदमी हो...! कर दोगे एक साथ
कई-कई हत्याएं, कई-कई हिंसाएं
और पता भी नहीं होगा तुम्हें
तुम तो काट रहे होगे सिर्फ एक बूढ़ा पेड़
हो सके तो फूंक देना मुझे, पर बचा लेना
मेरी परोपकार भरी मानवता की सेवा को...

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

आधुनिक युद्ध

**पश्चिम एशिया युद्ध से भारत को सीखनी होगी सुरक्षा की नई रणनीति**

## युद्ध की दुनिया में एक नई ताकत- एआई की एंट्री

शुभम शुक्ला

डिजिटल दौर में युद्ध का तरीका तेजी से बदल रहा है, जहां साइबर हमले और एआई नई ताकत बनकर उभर रहे हैं। पश्चिम एशिया के संघर्ष ने दिखा दिया है कि अब आम तकनीक भी युद्ध का अहम हिस्सा बन सकती है।

आने वाले युद्ध मिसाइलों या सैनिकों से ही शुरू नहीं होंगे। वे शुरू हो सकते हैं एक हैक किए गए कैमरा नेटवर्क से, छेड़छाड़ की गई डाटा फीड से, किसी अस्पताल की प्रणाली में सेंध लगाकर या ऐसे एआई सिस्टम से जो लाखों डिजिटल सूचनाओं में से अपने निशाने चुन रहे हों। यही पश्चिम एशिया के वर्तमान संघर्ष का सबसे स्पष्ट सबक है। युद्धक्षेत्र अब केवल भौतिक नहीं रहा। यह डिजिटल है, आपस में जुड़ा हुआ है और आम नागरिकों की तकनीक से गहराई से जुड़ा हुआ है।

हाल की रिपोर्टें दिखाती हैं कि आधुनिक संघर्ष अब साइबर हमलों, निगरानी प्रणालियों और एआई आधारित विश्लेषण के साथ चल रहे हैं। खबरों के मुताबिक ईरान के कैमरा नेटवर्क की कमजोरियों का फायदा उठाकर लक्ष्यों की पहचान और ट्रैकिंग अधिक सटीक तरीके से की गई। अलग रिपोर्टों में स्पाइवेयर, बाधा डालने वाले साइबर हमले और डिजिटल दबाव के तरीके सामने आए हैं जो इस संघर्ष का हिस्सा बन चुके हैं। यूरोप की सेनाएं भी एआई टूल्स का इस्तेमाल बढ़ा रही हैं ताकि युद्ध से जुड़ी जानकारी का विश्लेषण तेजी से हो सके, जबकि अंतिम नियंत्रण इंसानों के पास ही रहे।

भारत को इन घटनाओं को गंभीरता से समझना चाहिए। आज के डिजिटल समाज में नागरिक ढांचे और राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे के बीच की सीमा बहुत पतली हो चुकी है। ट्रैफिक प्रबंधन, पुलिस निगरानी, गेटेड कॉलोनियों, लॉजिस्टिक्स और नगर सेवाओं में लगे कैमरे सामान्य समय में उपयोगी लगते हैं।



लेकिन संकट के समय यही असुरक्षित नेटवर्क दुश्मन के लिए खुफिया साधन बन सकते हैं। यही बात टेलीकॉम सिस्टम, क्लाउड से जुड़े सेंसर, मैपिंग प्लेटफॉर्म, औद्योगिक नियंत्रण प्रणालियों और अन्य डिजिटल व्यवस्थाओं पर भी लागू होती है, जो हमारी गतिविधियों और कमजोरियों की जानकारी देते हैं। सीधी बात यह है कि जो भी सिस्टम देखता है, डाटा रखता है, उसे भेजता है या किसी महत्वपूर्ण काम की पुष्टि करता है, वह भविष्य के युद्ध का हिस्सा बन सकता है।

इस बदलाव की सबसे बड़ी वजह है गति। एआई सिस्टम डाटा संग्रह, विश्लेषण और कार्रवाई के बीच का समय बहुत तेजी से कम कर रहे हैं। कोई इंसान इतनी तेजी से निगरानी फीड और पैटर्न का विश्लेषण नहीं कर सकता। लेकिन एआई सिस्टम बड़े पैमाने पर डाटा को तुरंत समझ सकता है, गतिविधियों के पैटर्न पहचान सकता है और तय कर सकता है कि किस पर पहले ध्यान देना चाहिए। यह पूरी तरह स्वचालित युद्ध नहीं है, बल्कि इतनी तेज निर्णय सहायता है कि थोड़ी सी देरी भी भारी पड़ सकती है। यही आधुनिक युद्ध की प्रकृति को बदल रहा है।

साइबर हमलों का महत्व सिर्फ मोर्चे तक सीमित नहीं है। वे दूर बैठे पूरे सिस्टम को प्रभावित कर सकते हैं। हाल की रिपोर्टों में अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं पर हमलों का जिक्र है। धोखाधड़ी वाले संदेशों के जरिए आम लोगों के फोन में स्पाइवेयर डाला गया। एप्स, वेबसाइट और सरकारी सेवाएं निशाने पर रहीं। ये हमले सिर्फ सिस्टम बंद नहीं करते, बल्कि डर पैदा करते हैं, लोगों का भरोसा कमजोर करते हैं और संकट से निपटने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

भारत के लिए असली सवाल यह नहीं है कि क्या ऐसा ही युद्ध यहां होगा। असली सवाल यह है कि क्या हमारी डिजिटल व्यवस्था इस सोच के साथ बनाई गई है कि संकट के समय हर कमजोरी का फायदा उठाया जाएगा। भारत ने तेजी से डिजिटल प्रगति की है। सार्वजनिक सेवाएं, परिवहन, बैंकिंग, संचार और निगरानी सब डिजिटल हो चुके हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा को केवल आईटी समस्या समझना एक बड़ी भूल है। कमजोर डिवाइस प्रबंधन, देर से अपडेट, डिफॉल्ट पासवर्ड, बिखरी जिम्मेदारी और कमजोर एक्सेस नियंत्रण अब छोटी तकनीकी खामियां नहीं हैं। संकट में यही राष्ट्रीय सुरक्षा की कमजोरियां बन जाती हैं।

### इस स्थिति से निपटने के लिए पांच स्पष्ट कदम जरूरी हैं

**पहला**- निगरानी नेटवर्क को महत्वपूर्ण सुरक्षा ढांचे के रूप में देखा जाए। सार्वजनिक कैमरों की पहचान की जाए, उन्हें सुरक्षित नेटवर्क में रखा जाए और उनकी सुरक्षा मजबूत की जाए। इंटरनेट पर खुले कमजोर डिवाइस केवल गोपनीयता का नहीं, बल्कि सुरक्षा का भी खतरा हैं।

**दूसरा**- सभी महत्वपूर्ण डिजिटल सिस्टम में पहचान और एक्सेस नियंत्रण को मजबूत किया जाए। किसी सिस्टम का नियंत्रण खोना उसे बंद होने से ज्यादा खतरनाक हो सकता है। एडमिन अकाउंट, रिमोट एक्सेस, वेंडर लॉगिन और क्लाउड नियंत्रण को विशेष सुरक्षा दी जानी चाहिए।

**तीसरा**- विभिन्न क्षेत्रों में मिलकर काम करने वाली संकट तैयारी विकसित की जाए। अस्पताल, ऊर्जा, टेलीकॉम, बंदरगाह, परिवहन और सरकारी संस्थाएं केवल सामान्य आपदाओं के लिए नहीं, बल्कि साइबर संकट के लिए भी तैयार रहें, जहां डिजिटल हमले और गलत जानकारी एक साथ सामने आएं।

**चौथा**- एआई आधारित रक्षा और जोखिम विश्लेषण की क्षमता विकसित की जाए। इसका मतलब मशीनों को पूरी तरह नियंत्रण देना नहीं है, बल्कि एआई की मदद से तेज और बेहतर निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है, वह भी मानव नियंत्रण और नैतिक ढांचे के साथ।

**पांचवां**- सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग मजबूत किया जाए। देश का बड़ा डिजिटल ढांचा सरकार के पास नहीं है। यह टेलीकॉम कंपनियों, क्लाउड प्रदाताओं, अस्पतालों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और अन्य संस्थाओं के पास है। अगर युद्ध इन नेटवर्कों के जरिए लड़ा जाएगा, तो तैयारी भी मिलकर करनी होगी।

पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा सबक यह है कि साइबर और एआई अब युद्ध का हिस्सा बन चुके हैं। लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि सामान्य डिजिटल सिस्टम ही ताकत भी बन सकते हैं और कमजोरी भी। जो कैमरा शांति में सुरक्षा देता है, वही युद्ध में निशाने तय करने का साधन बन सकता है। जो मोबाइल फोन रोजमर्रा का उपकरण है, वही जासूसी का माध्यम बन सकता है। जो क्लाउड सेवा सुविधा देती है, वही संकट में जोखिम बन सकती है। भारत को यह समझना होगा कि भविष्य की सुरक्षा केवल नई तकनीक खरीदने से नहीं आएगी। असली सुरक्षा इस बात में है कि हम अपनी मौजूदा तकनीक को कितनी गंभीरता से सुरक्षित करते हैं। हर जुड़ी हुई प्रणाली एक तरफ सुविधा देती है, दूसरी तरफ जोखिम भी पैदा करती है।

**( लेखक लंदन निवासी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ हैं )**

जीवन दर्शन

## प्रतिबद्धता के बिना संभव नहीं है सफलता

यदि हम अपने संकल्पों को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो उन्हें पूरा करने का समय कभी नहीं मिलेगा, क्योंकि हम हमेशा किसी न किसी काम में व्यस्त ही रहते हैं। इसलिए, प्रतिबद्धता के बिना किसी भी प्रयास में सफलता मुश्किल है।

व्यक्ति के मानसिक सुधार के लिए सबसे पहली जरूरत है, किसी कार्य को लेकर गंभीरता और संकल्प। प्रतिबद्धता के बिना कोई भी प्रयास करना मुश्किल है। मैं कई बार टाल-मटोल की समस्या के संदर्भ में लोगों को एक कहानी सुनाता हूं। एक लामा ने अपने शिष्यों को प्रेरित करने के लिए उनसे वादा किया था कि वह उन्हें एक दिन घुमाने ले जाएगा। इस बात का बच्चों पर असर पड़ा और वे उस वादे को सच मानकर अपने अध्ययन में लगे रहते थे। लेकिन काफी समय बाद भी जब वह लामा उन बच्चों को घुमाने नहीं ले गया, तो उनमें सबसे छोटे शिष्य ने अवसर देखकर अपने गुरु को



उसका वादा याद दिलाया। तब लामा ने कहा कि वह बहुत व्यस्त है, ?इसलिए थोड़ी और प्रतीक्षा करनी होगी। कुछ और समय बीता तथा गर्मियों के बाद सर्दी का मौसम भी शुरू हो गया।

एक बार फिर शिष्य ने लामा को याद दिलाते हुए पूछा, 'हम घूमने कब जाएंगे?' लामा ने फिर वही उत्तर दिया, 'मैं थोड़ा व्यस्त हूं।' कुछ समय बाद लामा ने बच्चों में कुछ हलचल देखी, तो पूछा, 'यह क्या हो रहा है?' उसने देखा, किसी मृत व्यक्ति का शव ले जाया जा रहा था। एक शिष्य ने कहा, 'बेचारा गरीब आदमी घूमने जा रहा है!' इस कहानी का आशय यही है कि यदि हम अपने संकल्पों को गंभीरता से नहीं लेंगे, तो उन्हें पूरा करने का समय कभी नहीं मिलेगा, क्योंकि हम हमेशा किसी न किसी काम में व्यस्त ही रहते हैं। मस्तिष्क की प्रक्रिया को समझना चाहिए, जिसे शांत भाव से ही किया जा सकता है। शुरू में हताशा जरूर हो सकती है, मगर निराश न होना बेहद जरूरी होता है। ध्यान की प्रक्रिया के आरंभ में इसके लाभ पर विचार करना जरूरी है। महज इसी अभ्यास से हमें तत्काल चिंता और भटकाव से मुक्ति मिलने लगती है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इससे विवेक जागृत होता है और भावी परेशानियों से निपटने की समझ भी विकसित होती है। ध्यान न करने से हम विनाशकारी भावनाओं और विचारों का शिकार हो जाते हैं और हमारी मानसिक शांति नष्ट हो सकती है।

जीवन में शांति पाने के लिए सबसे जरूरी है-दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और टाल-मटोल से बचना, क्योंकि बिना प्रतिबद्धता के कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सकता। ध्यान की शुरुआत में मन भटकता है, लेकिन लगातार प्रयासों से धीरे-धीरे मन शांत होने लगता है, जिससे चिंता कम होती है और विवेक जागृत होता है।

**दलाई लामा**

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**कार्यार्थी भजते लोकं यावत्कार्य न सिद्धति!**
**उत्तीर्णे च परे पारे नौकायां किं प्रयोजनम् !!**

**भावार्थ**

जिस तरह नदी पार करने के बाद लोग नाव को भूल जाते है ठीक उसी तरह से लोग अपने काम पूरा होने तक दूसरो की प्रसंशा करते है और काम पूरा हो जाने के बाद दूसरे व्यक्ति को भूल जाते है।

# पीएचई प्रभारी कार्यपालन यंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप



जागरण मनमानी

## सीधी में तीन एवं सिंगरौली जिले का मिला है एक प्रभार

## कागजों में कार्य पूर्ण करने की चल रही औपचारिकताएं




जागरण, सीधी

जिले का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग गर्मी के दिनों में भगवान भरोसे चल रहा है। यह स्थिति विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा जानबूझकर निर्मित की गई है। दरअसल पीएचई मैकेनिकल एसडीओ सीधी त्रियाम्बकेश द्विवेदी को ईई पीएचई समेत चार प्रभार सौंपे जाने के बाद से व्यवस्थाएं पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। ईई के प्रभार के साथ इन्हें एसडीओ मझौली एवं सिंगरौली एसडीओ का प्रभार भी सौंपा गया है। वर्तमान में पीएचई विभाग सीधी के अंतर्गत करोड़ों के निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों की जिम्मेदारी विभागीय सिविल इंजीनियर को सौंपी जानी चाहिए। जिसको निर्माण कार्य के संबंध में पूरी टेक्निकल जानकारी हो। बावजूद इसके मैकेनिकल एसडीओ को सिविल से संबंधित बड़े कार्यों की निगरानी एवं निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय हल्कों में भी यह काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। एक साथ चार प्रभार मिलने के कारण श्री द्विवेदी की स्वेच्छाचारिता चरम पर पहुंच चुकी है। इस वजह से विभागीय कार्य भी संबंधित क्षेत्र के उपयंत्रियों की देखरेख में काम चलाऊ कार्य चल रहे हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना के तहत पीएचई विभाग के जिम्मे करोड़ों के कार्य चल रहे हैं। ठेकेदारों के हवाले से अधिकांश कार्य पूर्व से ही कराए जा रहे हैं। करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद पीएचई विभाग के कार्यों की क्या स्थिति है इसे मौके पर जाकर बाखुबी देखा जा सकता है। ठेकेदारों द्वारा कमीशन के बलबूते आधे-अधूरे कार्य करके छोंड़ दिए गए हैं। जिसके चलते संबंधित क्षेत्रों में नल के माध्यम से पानी आने की योजना एक पहेली बनकर रह गई है।

### जांच के नाम पर टीम कर रही औपचारिकता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सीधी जिले में किए गए कार्यों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच टीम को सीधी भेजा गया। यह टीम 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक सीधी जिले में जांच के लिए पहुंची थी। टीम में एक अधीक्षण यंत्री तथा दो कार्यपालन यंत्री शामिल रहे। टीम के अधिकारियों की खातिरदारी करने में प्रभारी कार्यपालन यंत्री सीधी एवं उनके इशारे पर कुछ ठेकेदार पूरी तन्मयता के साथ जुटे हुए थे। टीम द्वारा जांच के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई गई। जिन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नल जल योजना के कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया वहां टीम को प्रभारी कार्यपालन यंत्री द्वारा नहीं ले जाया गया।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायत फोर्सली क्लोज

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग सीधी में व्याप्त मनमानी को लेकर गायत्री नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सीधी निवासी सीताराम तिवारी द्वारा विगत 28 जून 2024 को शिकायत की गई थी कि गेट पास 2333 दिनांक 29 जनवरी 2019 को सामग्री बाजार में गई। उक्त सामग्री का न तो अनुबंध नंबर है और न ही कोई व्यौरा। ऐसे में अधीक्षण यंत्री अपने संज्ञान में लेते हुए इसकी जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। उक्त शिकायत को सहायक यंत्री लावेश राठौरिया ने यह कहते हुए बंद कराया कि यह मिथ्या आरोप है। फोर्सली शिकायत को क्लोज करा दिया गया। जिसके बाद श्री तिवारी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने के लिए निर्धारित आवेदन कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खंड सीधी के यहां प्रस्तुत किया गया। किंतु निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई। जिसके बाद उनके द्वारा प्रथम अपीली अधिकारी अधीक्षण यंत्री पीएचई रीवा के यहां अपील की गई। जिस पर पत्र क्रमांक 1602, दिनांक 6 जनवरी 2025 को पीएचई सीधी को निर्देशित किया गया कि जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इस पर ईई द्वारा पत्र दिया गया कि संबंधित अभिलेख इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं हैं।

# नपा अध्यक्ष अब हाईकोर्ट में करेंगी रिपिटीशन दायर

## नगर पालिका अध्यक्ष ने मीडिया को दी जानकारी



जागरण, सीधी

नगर पालिका सीधी अध्यक्ष श्रीमती काजल वर्मा द्वारा बताया गया कि बृजेश सिंह गोरे ने गलत तरीके से हाईकोर्ट में पिटीशन दायर किए थे। जबकि वह अस्थाई कर्मचारी हैं। इसके खिलाफ अब हाईकोर्ट में रिपिटीशन की अर्जी लग गई है। जिस मामले में स्थगन हाईकोर्ट में लगाया था वह जल्द ही समाप्त हो जाएगा। वहीं नगर पालिका में उपाध्यक्ष सहित कुछ लोगों को लेकर भी बड़ी बात अध्यक्ष द्वारा कही गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला न्यायालय के वरिष्ट अधिवक्ता विनोद वर्मा ने बताया कि अध्यक्ष और पार्षदों के निर्वाचन की सूचना वार्डों से अध्यक्ष और पार्षदों का प्रत्येक निर्वाचन राज्य आयोग द्वारा राज्य पत्र में अधिसूचित किया जाता है। जिसके लिए राजपत्र दिनांक 19 जुलाई 2022 अधि.क्र. 90 एफ-34/2022- 18-3 द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 43 तथा धारा 55 के साथ पठित धारा 355 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश नगर पालिका अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नियम 2019 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए कई अधिकार दिए हैं। इस मामले को लेकर आज नगर पालिका में पत्रकार वार्ता की गई। जिसमें वरिष्ट अधिवक्ता विनोद वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा अपनी जानकारी देते हुए बताया गया कि अब पूरे मामले को लेकर हाईकोर्ट में रिपिटीशन दायर किया जाएगा। जो कि वित्तीय प्रभार को लेकर गलत शिकायत करने वालों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इस मामले में अध्यक्ष एवं वरिष्ट अधिवक्ता द्वारा कई आरोप भी अस्थाई कर्मचारी बृजेश सिंह गोरे सहित उपाध्यक्ष को लेकर लगाए हैं।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## बहरी बाजार में अवैध क्लिनिक खोल बैठे झोलाछाप डॉक्टर



**जागरण, सीधी।** जिले के तहसील मुख्यालय बहरी बाजार में अवैध क्लीनिक खोल बैठे झोलाछाप डॉक्टर पर कोई कार्यवाही नहीं होती। यहां डिग्री विहीन प्राइवेट डॉक्टरों की क्लीनिक बहरी बाजार में सजी हुई है। कांच खिड़कियों से सजी धजी दर्जन भर क्लीनिके अवैध रूप से चल रही है। झोलाछाप अपने आप को एक अनुभवी डाक्टर होने की गारंटीया दे शकर सईन बोर्ड लगाए खुले आम डुप्लीकेट दवाइयां, इंजेक्शन, गोलियां इत्यादि अंदाजे के अनुकूल मरीजो को दे रहे हैं। दवा इलाज उल्टी सीधी कर मरीज को और गंभीर कर देने का सिलसिला जारी है। उपचार के नाम पर भारी रुपए ऐठते हैं। गलत उपचार से गंभीर हुए मरीज को बाद में बाहर के नर्सिंग होम में कमीशन बतौर रेफर कर दिया जाता है। वहां भी इन गरीब मरीज से अवैध रुपए ऐठा जाता है । यहां तक की बहरी बाजार में बैठे इन प्राइवेट फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरो ने बे-मौत वाले को भी मौत दे देने में नामी बने हैं। यह भी माना जाता है कि इनके ऊपर विभागीय अधिकारियों की मेहरबानी तो सदैव बनी ही रहती है साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को भी अपने बलबूते पटा कर यह रखते हैं। यदि कभी-कभार प्रशासनिक अमला इनके क्लिनिको पर छापामारी प्रक्रिया अपनाते हैं तो फौरन बड़े-बड़े नेताओं का फोन आना चालू हो जाता है जिससे छापेमारी टीम वापस बैरक लौट जाती है। यहां के झोलाछाप डॉक्टर सब पर भारी पड़ कर गरीब मरीज से लूट खसोट मचाने में जुटे रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग अमला इनके उपर मेहरबान बना बैठा है।

## 70 वर्षीय सम्मान समारोह एवं क्षेत्रीय अधिवेशन आज

**जागरण, सीधी।** पूजा पार्क के सामने स्थित मानस भवन सीधी में दिनांक 10 अप्रैल को सीधी एवं सिंगरौली जिलों के विद्युत पेंशनर्स द्वारा विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी के सौजन्य से 70 वर्षीय विद्युत पेंशनर का सम्मान समारोह एवं क्षेत्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र श्रीमती प्रभा पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता संचालन संधारण सीधी पंचराज तिवारी, अधीक्षण अभियंता संचालन संधारण सिंगरौली अजीत सिंह बघेल सहित प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष आरडी मिश्रा एवं प्रांतीय सचिव सुनील भार्गव की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं से लगभग 100 विद्युत पेंशनर्स के साथ-साथ सीधी एवं सिंगरौली जिलों से करीब 250 पेंशनर्स के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने दोनों जिलों के सभी विद्युत पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। ज्ञात हो कि विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का गठन चार वर्ष पूर्व किया गया था तथा प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं कार्यवाहक अध्यक्ष आरडी मिश्रा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में लगभग 45 शाखाओं का गठन किया जा चुका है। इस आयोजन को सफल बनाने में श्यामलाल पाण्डेय, रविनंदन पाण्डेय, पीएल गुप्ता, मो. वारिस अंसारी, छोटेलाल सिंह, शिवदयाल कुशवाहा, पतीराज सिंह, नीरेश कुशवाहा, रविंद्रनाथ गुप्ता, रविकरण गुप्ता, आरके सिंह एवं सुखराज सिंह सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा है।

## सरपंच पति ने किशोरी से की छेड़खानी

**जागरण, सीधी।** सरपंच पति द्वारा अपनी बाइक से 14 वर्षीय किशोरी को उसकी बहन के घर पहुंचाने की आड़ में रास्ते में जंगल के समीप उतारकर गलत नियत से छेड़खानी शुरू कर दी। गनीमत यह थी कि किशोरी की चीख पुकार सुनकर वहां से गुजर रही कुछ महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर फटकार लगाई। जिसके बाद आरोपी बाइक लेकर भाग खड़ा हुआ। पीड़ित किशोरी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध महिला पुलिस थाना में आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पीड़िता ने रिपोर्ट में कहा है कि वह चकडौर पुलिस चौकी अंतर्गत गांव की निवासी है। उसके घर आरोपी यज्ञनारायण तिवारी का आना-जाना था। जिसके चलते घर के सभी लोग उसे जानते थे। अभी 1 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 10 बजे आरोपी उसके घर आया और नानी से हाल-चाल पूंछने लगा और कहा कि वह व्यौहारी में घर बना रहा है। इस वजह से वहां जा रहा हूं। जिस पर किशोरी ने कहा कि चाचा आप उधर जा रहे हैं तो मेरी दीदी के घर मुझे गजरी गांव छोंड़ दें, आरोपी तैयार हो गया। दोपहर करीब 12 बजे गजरी गांव के जंगल व बंधा के समीप जब आरोपी की बाइक पहुंची तो उसके द्वारा रोंक दिया गया। किशोरी को बाइक से उतारकर गलत नियत से शरीर में स्पर्ष करने लगा। आरोपी का यह कृत्य देखकर किशोरी ने हल्ला गुहार मचाया। जिसके बाद वहां से महुआ लेकर गुजर रही दो महिलाएं पहुंची और उनके द्वारा डांट-फटकार लगाई गई। जिससे आरोपी भाग खड़ा हुआ। महिलाओं ने किशोरी को उसके बहन के घर ले जाकर पहुंचाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाना में आरोपी के विरुद्ध धारा 74, 75(2), 351(3) बीएनएस एवं 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(1)(आर), (3)(1)(डब्ल्यू)(आई), 3(1)(डब्ल्यू) (आईआई), 3(2-व्हीए) एससी/एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट बघवार में सुरक्षा माह का सफल समापन



**जागरण, सीधी।** अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स बघवार में 3 अप्रैल 2026 को सुरक्षा माह का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अभियान की शुरूआत 4 मार्च 2026 को कारखाना प्रमुख बीपी सग्गू द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई थी। समारोह को संबोधित करते हुए कारखाना प्रमुख बीपी सग्गू ने कहा कि छोटे एवं सरल सुरक्षा नियमों का नियमित पालन कर दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कर्मचारियों से विशेष रूप से अग्नि सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। पूरे माह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही संविदा कर्मियों के लिए एक मेगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें सुरक्षा मानकों एवं आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को सेफ एम्प्लॉई ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आदित्य वंदना एवं सुरक्षा शपथ के साथ हुई। समारोह में कारखाने के एफएचएचआर अभिषेक शर्मा, एफएचएफसी दिनेश मामोदिया, एफएच टेक्निकल मो. मुश्तकीम, एफएच माइंस नवल किशोर शर्मा, एडमिन एवं एम्प्लॉयी रिलेशंस एचओडी दिनेश शर्मा, सेफ्टी एचओडी दिवाकर विश्वकर्मा सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मृतकों के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता स्वीकृत

## एसडीएम ने पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई सहायता





जागरण, सीधी

जिले के रामपुर नैकिन तहसील क्षेत्र में हुए अलग-अलग सात मृत्यु प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को राहत प्रदान करते हुए प्रशासन ने प्रत्येक मामले में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चुरहट एसडीएम विकास कुमार आनंद ने बताया कि सभी मामलों में शासन के नियमानुसार सहायता प्रदान की गई है। जानकारी अनुसार पहला मामला 25 फरवरी 2026 का है, जहां कुशमहर निवासी 30 वर्षीय मुखराज कोल की कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद मृतक के पिता रामलाल कोल को निकटतम वारिस के रूप में 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जबकि दूसरा प्रकरण 8 दिसंबर 2025 का है, जिसमें हनुमानगढ़ निवासी 12 वर्षीय रितेश सिंह की जहरीले कीड़े सर्पदंश के कारण मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक की माता केशकली सिंह को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। वही तीसरी घटना 19 दिसंबर 2025 की है जहां हनुमानगढ़ में 72 वर्षीय बब्बू यादव की आग में झुलसकर मृत्यु हो गई थी। बताया गया कि वह घर के पास सूखी नहर में कचरा फेंकते समय फिसलकर आग में गिर गईं और बाहर नहीं निकल सकीं। इस प्रकरण में उनके पुत्र सुखलाल यादव को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। वही चौथा मामला 12 मार्च 2026 का है, जिसमें नौसा निवासी 2 वर्षीय परी सिंह की नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतका के पिता जग्यभान सिंह को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। इसी तरह तहसील चुरहट के मृत्यु के 3 प्रकरणों में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए स्वीकृत किया गया।

# करोड़ों से निर्मित बस स्टैंड चुरहट का नहीं शुरू हो सका संचालन




**जागरण, सीधी।** चुरहट में करोड़ों से निर्मित न्यू बस स्टैंड दशकों से पूरी तरह से शो-पीस बना हुआ है। बस स्टैंड के प्रारंभ न होने से यह और परिसर में बना सुलभ शौंचालय खंडहर में तब्दील हो रहा है। दरअसल जिम्मेदारों द्वारा कभी गंभीरता के साथ न्यू बस स्टैंड को संचालित कराने की आवश्यकता नहीं समझी गई। लिहाजा बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों के हितों को देखते हुए अघोषित रूप से बस स्टैंड का संचालन नेहरू तिराहा में ही हो रहा है। बस स्टैंड में दर्जनों छोटी एवं बड़ी दुकानें बनी हुई हैं। साथ ही यात्रियों के लिए व्यवस्थित प्रतीक्षालय की सुविधा भी मौजूद है। यहां पेय जल समेत प्रसाधन की व्यवस्था भी बनाई गई है। फिर भी न्यू बस स्टैंड में आरंभ से ही पूरी तरह से उपेक्षित करते हुए बाजार क्षेत्र में जमे व्यवसायियों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। बस स्टैंड परिसर आवारा पशुओं का पूरी तरह से अड्डा बना हुआ है। चुरहट पुराने बस स्टैंड में यात्री वाहनों के ठहरने के कारण यहां जाम की स्थिति निर्मित रहती है। कुछ व्यापारियों द्वारा अपने दुकानों के सामने फुटपाथी दुकान लगवाकर मनमाना किराया वसूला जा रहा है। नेहरू तिराहा में अघोषित बस स्टैंड के चलने से सीधी-रीवा एवं अमिलिया मार्ग में हमेंशा जाम की स्थिति निर्मित रहती है। जानकारों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा न्यू बस स्टैंड को सुचारू रूप से संचालित करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। वहीं अघोषित बस स्टैंड में सुलभ शौंचालय एवं पेय जल की कोई व्यवस्था न होने से यात्रियों को गर्मी के दिनों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कलेक्टर ने किया श्रमदान

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत आज विकासखंड सिहावल की ग्राम पंचायत चंदवाही में कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा तालाब में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने ग्रामीणों को जनसहभागिता के माध्यम से ग्राम के सभी जल स्रोतों को स्वच्छ, संरक्षित एवं पुनर्जीवित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जल संरक्षण को जीवन का आधार बताते हुए सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील की। श्रमदान कार्यक्रम में एसडीएम सिहावल राजेश शुक्ल, परियोजना अधिकारी शैलेश पाण्डेय, तहसीलदार बीपी पाण्डेय, सीईओ सिहावल रश्मि पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

**जागरण, सीधी।** कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने हेतु संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अमन मिश्रा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), थाना प्रभारी कोतवाली तथा थाना प्रभारी यातायात द्वारा बुधवार की शाम शहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर 5 दुकानदारों के विरुद्ध नपा द्वारा समन शुल्क की कार्रवाई की गई।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

यूको बैंक, सीधी शाखा, सीधी

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (54 का 2002) के साथ पठित सेक्शन 13(12)सपठित (नियम 3) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत **यूको बैंक, सीधी शाखा, सीधी** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **06-12-2025** को निम्न वर्णित ऋणी एवं सहऋणी को डिमांड नोटिस जारी किया एवं नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

ऋणी एवं सहऋणी ने ऋण अदा करने में चूक की है, अतः उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि यूकों बैंक ने अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 एवं उपधारा (4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **07.04.2026** को ले लिया है।

ऋणी एवं सहऋणी को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्तियोंके साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **यूको बैंक, सीधी शाखा, सीधी** के अधीन होगा। ऋणी एवं सहऋणी का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणी: श्रीमती सरोज कामदार पत्नी श्री अर्जुन दास कामदार<br>सहऋणी: श्री चन्द्रशेखर कामदार पुत्र श्री अर्जुन दास कामदार | रिहायशी मकान, खसरा नंबर 241/18/ मिन-3 पीएचएन 71, आरआईसी सीधी गिर्द-1 तहसील गोपदबनास जिला-सीधी, क्षेत्रफल 2700 वर्गफुट। संपत्ति मालिक-श्रीमती सरोज कामदार चर्तुसीमाएँ: पूर्व- रामानुज गुप्ता की भूमि, पश्चिम- प्रस्तावित सड़क, उत्तर- चतुर्वेदी का घर, दक्षिण- पीसीसी रोड | ₹ 14,40,264.43/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

स्थान-सीधी, दिनांक 07.04.2026 — प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 0080/बी-121/मूल/ 2025-2026

प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा रीवा (म.प्र.) आवेदक

बनाम

1. रजनीश पटेल पिता ललिता प्रसाद पटेल
2. श्रीमती कुसुमकली पटेल पति ललिता प्रसाद पटेल
3. ललिता प्रसाद पटेल पिता वीरभान पटेल

सभी निवासी ग्राम पोस्ट कलवारी रीवा एवं अन्य पता खसरा नं. 201/13/1 वार्ड कालोनी-3 समान बस्ती मार्ग के अन्दर बाहर का पार्ट वार्ड नं. 15 शिव प्रसाद कालोनी रकवा 1280 वर्गफुट तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)...... अनावेदक गण

प्रकरण दिनांक 24.03.2026 को नियत है। उक्त प्रकरण में अनावेदक गण पक्षकार है। अनावेदक गण को सूचना दी जाती है कि प्रकरण में अगली तारीख पेशी दिनांक 08.05.2026 नियत है। नियत दिनांक को अनावेदक गण समय 3.00 बजे दिन स्वंय या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि जो जवाव प्रस्तुत करने के संबंध में कार्यवाही करने में सक्षम हो, कलेक्टर महोदय के न्यायालय में उपस्थित हो कर प्रस्तुत करे। आपको निर्देशित किया जाता है कि नियत दिनांक को आवश्यक लोक दस्तावेज जो अपने पक्ष समर्थन के लिये आवश्यक हो प्रस्तुत करे यदि नियत दिनांक को उपस्थित नही होने पर गैर हाजिरी की दशा में उक्त प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निर्णय किया जावेगा।

(कलेक्टरमहोदय द्वारा आदेशित)

प्रभारी अधिकारी,
न्यायालय कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)
रीवा दिनांक - 07/04/2026

भारतीय सेना/ INDIAN ARMY
पशु चिकित्सा कोर में अल्प सेवा कमीशन
SHORT SERVICE COMMISSION IN
REMOUNT & VETERINARY CORPS

1. भारतीय सेना के पशु चिकित्सा कोर में 95वां अल्प सेवा कमीशन कोर्स हेतु पुरुष और महिला पशु चिकित्सा स्नातकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन कृपया वेबसाईट -www.joinindianarmy.nic.in पर देखें। आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे और आवेदन प्रक्रिया निम्नलिखित अवधि तक होगी:-

2.1. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (महिला) - **15 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026**
2.2. अल्प सेवा कमीशन (आरवीसी) कोर्स (पुरुष) - **17 अप्रैल 2026 से 18 मई 2026**

यदि कोई पूछताछ करनी हो तो, महानिदेशालय पशुचिकित्सा सेवाएं, क्वार्टरमास्टर जनरल शाखा, एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय (थल सेना), पश्चिमी खण्ड-3, आर के पुरम , नई दिल्ली - 110066 से लिखित अथवा ई मेल आई डी: persvet-1779@nic.in में संपर्क किया जा सकता है।

1. Applications are invited from male and female veterinary graduates for 95th Short Service Commission Course in Remount & Veterinary Corps of the INDIAN ARMY.
2. For Detailed notification please visit www.joinindianarmy.nic.in. Applications will only be accepted via online mode and will remain open as under :

2.1. SSC (RVC) Course (Women) - **15 Apr 2026 to 15 May 2026**
2.2. SSC (RVC) Course (Men) - **17 Apr 2026 to 18 May 2026**

Queries if any be sought from Dte Gen RVS, QMG Branch, IHQ of MoD (Army), West Block-3, RK Puram, New Delhi-110 066 in writing OR through E-mail ID : **persvet-1779@nic.in**

नोट :-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

cbc 10601/11/0001/2627

## नगर परिषद खांड़ में लोकायुक्त का बड़ा छापा

# 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाई इंजीनियर




**जागरण, देवलौद।** आज दिनांक 9 अप्रैल 2026 को नगर परिषद खांड़ में लोकायुक्त रीवा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापामार कार्रवाई की। यह कार्रवाई निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया के नेतृत्व में की गई, जिसमें बारह सदस्यीय टीम शामिल रही। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद खांड़ में कराए गए निर्माण कार्यों के संबंध में ठेकेदार जे0के0 कान्ट्रक्शन रीवा के संचालक जे.के. अग्रवाल से कथित रूप से रिश्वत की मांग की गई थी। आरोप है कि नगर परिषद की इंजीनियर सुश्री सुधा वर्मा ने कार्यों के भुगतान/प्रक्रिया के लिए ?10,000 की मांग की। लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए जैसे ही ?10,000 की राशि दी गई, इंजीनियर सुश्री सुधा वर्मा को रंगे हाथ पकड़ लिया। यह पूरी कार्रवाई दोपहर लगभग 12¬30 बजे की बताई जा रही है। छापे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल लोकायुक्त के अधिकारी संबंधित मामले में जांच-पड़ताल और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच जल संसाधन बाणसागर - देवलौद के वीआईपी गेस्ट हाउस में जारी है, जहां अधिकारियों द्वारा संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। निरीक्षक संदीप सिंह भदौरिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद खांड़ में भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# बड़गांव में हुआ शांति और आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक नमोकार मंत्र का सामूहिक जाप




**कटनी।** गुरुवार को विश्व नमोकार दिवस के अवसर पर बड़गांव में स्थानीय जैन समाज के द्वारा णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया गया। प्रतिवर्ष 9 अप्रैल को विश्व स्तर पर विश्व नमोकार दिवस विश्व नवकार महामंत्र दिवसद्ध मनाया जाता है। यह दिवस जैन परंपरा के सबसे पवित्र और शक्तिशाली मंत्र नमोकार महामंत्र जिसे नवकार मंत्र भी कहा जाता है, को समर्पित है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन और अन्य जैन संगठनों के सहयोग से यह आयोजन वैश्विक स्तर पर होता है जिसमें 100 से अधिक देशों के लाखों लोग शामिल होते हैं। विश्व भर में निवासरत जैन समुदाय के लोगों के द्वारा इस दिन स्टैंडर्ड समयानुसार सुबह 8 बजकर 1 मिनट पर णमोकार महामंत्र का पाठ प्रारंभ करते हुए आध्यात्मिक शांति का वातावरण स्थापित किया जाता है। समूचे विश्व में एक ही समय पर लाखों लोगों द्वारा आयोजित इस मंत्र जाप का रिकार्ड भी बन चुका है। यह मंत्र जैन धर्म का मूल मंत्र है। यह किसी देवता से वरदान मांगने वाला मंत्र नहीं है बल्कि पांच परमेष्ठियों आध्यात्मिक रूप से उच्चतम आत्माओं को नमन करने वाला श्रद्धा का मंत्र है।

यह दिवस केवल जैन समुदाय तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए शांति, अहिंसा, करुणा और आध्यात्मिक एकता का संदेश लेकर आता है। आज के युग में जब युद्ध, हिंसा, तनाव और असहिष्णुता बढ़ रही है तब नमोकार मंत्र का सामूहिक जाप विश्व शांति का शंखनाद बन जाता है। इस मंत्र के जाप से मन की शुद्धि होती है तथा नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। इस मंत्र के जाप से आंतरिक शांति और सकारात्मकता बढ़ती है। कर्मों का क्षय होता है और आध्यात्मिक प्रगति होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दिवस पर भाग लेते हुए नौ संकल्पों का प्रस्ताव रखा है जो ज्ञान, कर्म, सद्भाव और प्रगति पर आधारित हैं। कई देशों में हजारों स्थानों पर सामूहिक जाप आयोजित होते हैं। 9 अप्रैल को सुबह 8 बजे से विशेष समय पर विश्वभर में एक साथ नमोकार मंत्र का जाप प्रारंभ किया जाता है जो सुबह 9.36 तक जारी रहता है। लोग घरों, जिनालयों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर इकट्ठा होकर मंत्र का उच्चारण करते हैं। ऑनलाइन लाइव प्रसारण के माध्यम से लाखों लोग जुड़ते हैं। अहिंसा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा होती है। विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की जाती है। विश्व नमोकार दिवस हमें याद दिलाता है कि सच्ची शक्ति बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है। जब हम एक साथ नमस्कार करते हैं, तो हम न केवल अपने अंदर की दिव्यता को जगाते हैं बल्कि पूरे विश्व में सकारात्मक कंपन फैलाते हैं।

# स्व.कलाबाई कुशवाहा की देहदान करने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया



## उनकी पूर्व इच्छा अनुरूप परिजनों ने सौंपी पार्थिव देह

**कटनी।** जिले में मानवता और समाज सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। मृत्यु के पश्चात भी समाज के कल्याण हेतु अपने शरीर का दान करने वाली स्वर्गीय श्रीमती कलाबाई कुशवाहा पति कोदूलाल कुशवाहा, निवासी इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 शिवनगर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। 9 अप्रैल को स्व.कलाबाई कुशवाहा के निधन उपरांत उनकी पूर्व इच्छा के अनुरूप उनके परिजनों द्वारा उनकी पार्थिव देह का दान मेडिकल कॉलेज जबलपुर को चिकित्सा छात्रों के अध्ययन एवं शोध कार्य हेतु किया गया। पार्थिव देह को जिला चिकित्सालय कटनी से पूर्ण सम्मान के साथ रवाना किया गया जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मध्य प्रदेश शासन द्वारा देहदान जैसे महान कार्य को प्रोत्साहित करने हेतु देहदानियों को राजकीय सम्मान प्रदान करने की अभिनव पहल की गई है। इस पहल का उद्देश्य समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ऐसे महान कार्य करने वाले नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। चिकित्सा शिक्षा में देहदान का विशेष महत्व होता है। मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए दान की गई देह ही उनका पहला गुरु होती है जिसके माध्यम से वे मानव शरीर की संरचना एवं जटिलताओं का अध्ययन करते हैं। यही ज्ञान भविष्य में अनेक मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक सिद्ध होता है।

# विकासखण्ड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आज से

**जागरण गोहपारू।** विकासखण्ड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर नवीन सरुप में किया जाएगा।यह जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान ने जानकारी दी है कि संभागीय, जिला मुख्यालय समस्त विकासखण्ड-स्तर पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह-2026) का आयोजन नवीन स्वरूप में किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुसार यह शिविर खेल प्रशिक्षण के साथ फिटनेस, व्यक्तित्व विकास एंव सामाजिक जागरूकता का समय मंच प्रदान कर प्रतिभाशाली वि?द्यार्थियों को उत्कृष्ट खिलाडी बनने हेतु तैयार किया जाएगा । उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोह-2026) को प्रभावी ढंग से आयोजित करने हेतु 10 अप्रैल 2026 को को सांय 04 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम में बैठक आयोजित की गई है।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन लीज नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा में आवंटित एल. आई.जी. भवन क्रमांक- 208 श्रीमती शशि किरण श्रीवास्तव पिता स्व. श्री कैलाश शंकर श्रीवास्तव को आवंटित है। जिनकी मृत्यु दिनांक 26.07.2025 को हो गई है, एवं अनुबंध के नामजदगी में श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गौरी शंकर श्रीवास्तव का नाम दर्ज है। उक्त भवन के लीज नामान्तरण हेतु नामिनी मे दर्ज श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गौरी शंकर श्रीवास्तव के द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 07.04.2026 को ऑफलाईन आवेदन पत्र प्रेषित किया गया है जिसमें उनके दस्तावेजो का सत्यापन किया गया व दस्तावेज सत्यापन पश्चात् इस कार्यालय में दिनांक 07.04.2026 को भवन नामान्तरण हेतु ऑनलाईन भी आवेदन किया गया है। अतः उक्त भवन स्थानांतरण में यदि मृतक के परिवार के किसी अन्य सदस्य को कोई आपत्ति हो अथवा इसमें किसी प्रकार का स्वामित्व रखता हो तो या मूल आवंटी द्वारा उक्त भवन किसी अन्य व्यक्ति / संस्था को रहन, दान, विक्रय आदि किया गया हो तो विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर ठोस प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समय व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नही किया जावेगा एवं भवन का लीज नामान्तरण श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गौरी शंकर श्रीवास्तव के नाम पर कर दिया जावेगा।

(सी.एस. पटेल)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)
RN- 85231



**न्यायालय : संदीप कुमार नामदेव व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना के न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश हनुमना**

प्रोसेस 369/2026
प्र.क्रमांकः एम.जे.सी- 118/2017
पेशी दिनांकः 27.04.2026

वीरन गिरी मृत द्वारा वारिसान अन्य ........... आवेदकगण
बनाम
जानकी मृत द्वारा वारिसान ............. अनावेदकगण

आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत प्रकरण क्रमांक एम.जे.सी.-118/2017 की सुनवाई दिनांक 27.04.26 को 11:00 बजे होगी, यदि दिन अवकाश घोषित हो जाता है तो आगामी कार्यदिवस में कार्यवाही होगी। नोटिस के माध्यम से अनावेदक क्रमांक 12 राजबहोर पटेल के वारिसान पुत्रियां:- 01. श्रीमती गीता पति प्रभुनाथ पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी कुइया पो० मनिगवां जिला रीवा म.प्र.। 02. श्रीमती सुशीला पति सुशील कुमार पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी सथिनी पोस्ट मनिगवां जिला रीवा म.प्र.। 03. श्रीमती फूलकुमारी पति सुशील पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट मनगंवा जिला रीवा। 04. श्रीमती शांती उम्र 35 वर्ष निवासी गहिरा थाना नईगढ़ी जिला मउगंज । 05. श्रीमती बेलाकली उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम जुड़मनिया तहसील व जिला मउगंज म०प्र०।आप लोगो को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 27.04.2026 को न्यायालय में स्वयं अभिकर्ता या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। न्यायायल में उपस्थित होकर अपना पक्ष पस्तुत न करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 07.04.2026 को न्यायायल की मोहर से जारी किया गया।

संदीप कुमार नामदेव
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ हनुमना में अतिरिक्त न्यायालय केन्यायाधीश हनुमना
जिला-रीवा
मुद्रा
RN-85028



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाउसिंग बोर्ड बोदाबाग कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र. 82 के मूल आवंटी शकील जाफरी पिता श्री मोज्जाम हुसैन, पता- एन 1-703, सुपर टेक इकोविलेज 1, ग्रेटर नोयडा गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.) के द्वारा उक्त भवन को आवंटी द्वारा सामान्य मुख्तियारनामा के तहत विक्रेता अरशद जाफरी पिता श्री मोज्जाम हुसैन द्वारा उक्त आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र. 82 को मोहम्मद आजाद मंसूरी पिता मोहम्मद सफी को दिनांक 03.09.2025 को पंजीयन कार्यालय रीवा के माध्यम से विक्रय किया गया है। भवन क्रय करने के पश्चात् मोहम्मद आजाद मंसूरी पिता मोहम्मद सफी, निवासी-हाउस नं. 1 से 442, वार्ड नं. 423 अमहिया रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा भवन अपने नाम नामान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 27.02.2026 को ऑफलाइन आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं। जिसमें दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 27.02.2026 को किया गया, तत्पश्चात् उनके द्वारा दिनांक 07.04.2026 को ऑनलाइन भी आवेदन किया गया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तानान्तरण मोहम्मद आजाद मंसूरी पिता मोहम्मद सफी के नाम पर कर दिया जावेगा।

(सी.एस. पटेल)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)
RN- 85373



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-इन्जी0-सी-2026-73 | **अनुमानित लागत रु :** 103873656.85

**कार्य का नाम :** झाँसी : प्रोवीजन ऑफ़ फ्रेट कस्टमर एमेनिटीज इन एक्सिस्टिंग गुड्स शेड एट पामां रेलवे स्टेशन।

**अमानत राशि :** 2077500.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि :** 28.04.2026 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

• निविदा **दिनांक 28.04.2026 को 15:00 बजे तक** ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **765/26 (AS)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**नाम सुधार सूचना**

मैं भूषण भोजराज धुंदे (Bhushan Bhojraj Dhunde) कथन करता हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड, अंकसूची एवं समस्त शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम भूषण भोजराज धुंदे (Bhushan Bhojraj Dhunde) अंकित है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम भूषण भोराज धुंदे (Bhushan Bhoraj Dhunde) दर्ज हो गया है जो गलत है। अत: मेरे पासपोर्ट एवं समस्त अभिलेखों में मेरा नाम भूषण भोराज धुंदे (Bhushan Bhoraj Dhunde) की जगह मेरा सही नाम भूषण भोजराज धुंदे (Bhushan Bhojraj Dhunde) दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 85375
भूषण भोजराज धुंदे



**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on GeM Portal :-

| S.No. | Bid No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/ B/7423715 | Group Mediclaim Insurance Service - Contract Employees; Hospitalization for accident & emergency Treatments, OPD, Maternity, All pre-existing illness; Yes |

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on GeM Portal.
M.P. Madhyam/125283/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**


# अवैध नशीली कफ सिरप तस्करों के विरुद्ध रामपुर पुलिस ने की कार्यवाही



**जागरण सतना।** अवैध नशीली कफ सिरप तस्करो के विरूद्ध रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 20 सीसी नशीली कफ सिरप जप्त की गई है। यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं डीएसपी मुख्यालय मनोज दीक्षित के मार्गदर्शन में रामपुर पुलिस द्वारा की गई है।

**ये है मामला :** अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के तारतम्य में विश्वसनीय सूत्रो के माध्यम से अवैध नशीले पदार्थ कोरेक्स की तस्करी की सूचना पर 8 अप्रैल को टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई । रेड कार्यवाही के दौरान घटनास्थल ग्राम तिउनी से आरोपी रिंकू सिह उर्फछोटू पिता कृष्णपाल सिह उम्र 34 साल निवासी तिवनी थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना के कब्जे से 20 शीशी प्रतिबंधित अवैध नशीली आनरेक्स कफसिरप कीमती लगभग 3900 रु का जब्त किया गया । आरोप को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना रामपुर बाघेलान में अपराध पंजीबद्ध किया गया है तथा उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है ।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)**

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

**निविदा सू0क0 03/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/26-27 सीधी दिनांक 06.04.2026**

निम्न कार्यो हेतु निविदा आनलाईन बेबसाइड **http//mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21.04.2026 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 23.04.2026 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**Name of work- Providing a complete utility vehicle with labour and mechanic for 1064 handpump Repairing and maintanance (per thousand number of handpump) in south part-1 of son river at Block Rampur Naikin Distt Sidhi.**

| S.N. | Tender ID | Name of Block | No Of Handpump | PAC (Rs.in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | No. Of Call |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_497354_1 | Rampur Naikin | 1064 | 12.03 | 24060 | 200 | I Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

G-11250/25



**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



**किराए से देना है**

हास्पिटल एवं सुपर बाजार के लिए संपर्क करें। 3 मंजिल 13000 स्क्वायर फीट, आदित्य होटल के पीछे समान तिराहा न्यू बस स्टैण्ड रीवा (म.प्र.)
मो.नं.9200290020, 9617049786
आरएन gm sir (10/04)



**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944


# अवैध गैस सिलेंडर के भंडारण पर हुई बड़ी कार्रवाई, कलेक्टर के निर्देश पर भंडारणकर्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**कटनी।** जिले में एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला ने माधवनगर क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग और जमाखोरी करने वाले सूरज बालानी के विरुद्ध माधवनगर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। एफ आईआर दर्ज कराने का आदेश कलेक्टर ने सूरज बालानी के विरुद्ध संस्थित प्रकरण में सुनवाई के बाद दिया है। जिसके पालन में सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री शुक्ला द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 और 7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करा दिया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष शुक्ला ने बताया कि बीते 16 मार्च को खाद्य एवं राजस्व विभाग के संयुक्त जांच दल ने माधवनगर गेट के समीप स्थित सूरज बालानी के मकान में छापा मारा। जांच के दौरान मकान के अंदर से 6 सिलेंडर और मकान में ही स्थित दुकान से 16 सिलेंडर सहित कुल 22 घरेलू गैस सिलेंडर और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा रखा पाया गया। पूछताछ में सूरज बालानी ने बताया कि वह घरेलू सिलेंडरों का भंडारण कर उन्हें तौल कांटे से नापकर लोगों को बेचता था। जांच के दौरान 4 घरेलू सिलेण्डरों में सील नहीं होने के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह सिलेंडरों की सील हटाकर नोजल की जांच करता था और लोगों को सिलेण्डर देता था।


**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473, Fax No. 0761-2660048 | CIN: U40109MP2002SGC015120

No. SE/O&M/SNI/PUR/11,12

**TENDER NOTICE**

Dtd: 06.04.2026

Online Tenders are invited for the following works under (O&M) Circle MPPKVVCL Seoni:-

| Sr. No | T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/EZ/PUR | Particular of work | Approx Value (Rs.in Lakhs) | Tender Fee (In Rs) | Due date & time of Opening of Tender online from 14:30 Hrs |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SE/O&M/SNI/PUR/2026-27/TS-87/11 dt. 06.04.2026 E-Tender No. 2026_PKVVC_497516_1) | Empanelment of contractors to award a contract for survey, installation, testing and commissioning of 11kv line, 11/0.433 KV distribution transformer and LT line under different schemes in O&M Circle, Seoni. | 113.00 | 5900/- Including GST | 23.04.2026 |
| 2 | SE/O&M/SNI/PUR/2026-27/TS-88/12 dt. 06.04.2026 E-Tender No. 2026_PKVVC_497520_1) | Empanelment of contractors to award a contract for survey, installation, testing and commissioning of 33kv line, 33/11kv different capacity additional / augmentation PTRs, 33kv underground cable and 33kv additional bay, under different schemes in O&M Circle, Seoni. | 212.00 | 5900/- Including GST | 24.04.2026 |

*Other details can be seen in the complete tender documents available on e-portal https://mptenders.gov.in.
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW" विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम !" S.E. (O&M) MPPKVVCL, Seoni



**वन रक्षक एवं क्षेत्र रक्षक (कार्यपालिक) एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी एवं सहायक जेल अधीक्षक (कार्यपालिक) पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2026 के संबंध में संशोधित सूचना**

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, सतुपड़ा भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक/प्रशा./II/क्षे.स्था.2/1333 भोपाल दिनांक 02 अप्रैल 2026 के अुनसार अनूसचित जाति श्रेणी के पदों को जोड़कर अद्यतन आरक्षण तालिका प्रदान की गई है। जिसको नियम पुस्तिका में समाहित कर संबंधित पृष्ठ मण्डल की अधिकारिक वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर अपलोड की गई है।
उपरोक्तानुसार परीक्षा हेतु उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। संशोधित जानकारी मण्डल की अधिकारिक बेवसाइट **www.esb.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने एवं संशोधन की तिथियां यथावत रहेंगी।

**विज्ञापन क्रमांक 03/2026** **संचालक**

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
'चयन भवन' मेन रोड नं. - 1, चिनार पार्क (ईस्ट)
भोपाल-462011, Fax : +91-0755-2550498, Web.: www.esb.mp.gov.in
म.प्र. माध्यम/125288/2026



**पश्चिम मध्य रेल**

ई– निविदा सूचना
विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर
एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2023–25RRR दिनांक 07.04.2026

वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर / कर्षण–वितरण / पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **1. कार्य का नाम :** जबलपुर मंडल में मौजूदा 33 केवी एचटी क्रॉसिंग को ओवरहेड क्रॉसिंग से भूमिगत केबलों में बदलने के लिए शेष कार्य।, **2. कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल ।, **3. कार्य की अवधि :** 12 माह, **4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू) :** रुपये 22,43,777.90/–(रुपये बाईस लाख तैंतालीस हजार सात सौ सतहत्तर और नब्बे पैसे मात्र ), **5. बयाना राशि :** रूपये– 44,900.00/–, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 30.04.2026 15:00 बजे/30.04.2026 15:30 बजे, **7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट :** https/www.ireps.gov.in, **8.** निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें । निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

हस्ता.
वरि मं. वि. इंजी/क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## संक्षिप्त खबरें


### भविष्य बचाने जल संरक्षण सबकी पहली प्राथमिकता

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** अगली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण करना जरूरी है। सभी विभाग जलगंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को पहली प्राथमिकता दें। जल संरचनाओं के सरंक्षण के लिए सभी प्लानिंग के साथ काम करें। यह बात बुधवार को संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने पिछले साल निर्मित खेत-तालाबों, जल संरचनाओं से किसानों को मिल रहे सिंचाई लाभ, इससे फसलों के उत्पादन पर पड़े प्रभाव और भूमिगत जल स्तर में हुई बढ़ोत्तरी का विस्तृत अध्ययन कर रिपोर्ट तलब की है। साथ ही संभाग की सभी नदियों के पानी का परीक्षण पर्यावरण बोर्ड के जरिए कराने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से नदियों के उद्गम स्थल के संरक्षण-संवर्धन के लिए प्लानिंग बनाने और रियल टाइम डाटा को सरकारी पोर्टल्स पर अपलोड करने को कहा है। कलेक्टर हर महीने इस अभियान की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में सभी जिलों के जिला पंचायत सीईओ व अधिकारी मौजूद रहे।

### सिंहस्थ 2028 में सुरक्षा सारथी भी होंगे तैनात

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिंहस्थ 2028 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने पुलिस ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को उज्जैन में आयोजित कार्यशाला में सिंहस्थ सुरक्षा सारथी योजना का खाका तैयार किया गया। इसमें पश्चिमी मध्य प्रदेश के 26 जिलों के आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। नई योजना के तहत आम लोगों और नगर रक्षा समितियों को सिंहस्थ सुरक्षा सारथी व सिंहस्थ वॉलंटियर्स के रूप में पुलिस के साथ जोड़ा जाएगा। ये प्रशासन और जनता के बीच एक कड़ी का काम करेंगे। एडीजी उज्जैन जोन राकेश गुप्ता ने बताया कि सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में सामुदायिक पुलिसिंग के इस मॉडल को अपनाया जाएगा। इन वॉलंटियर्स को न केवल विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, बल्कि उन्हें मानदेय (स्टाइपेंड), प्रमाण-पत्र और ड्यूटी के दौरान आवास सुविधा भी मिलेगी।

### मोनालिसा विवाह मामले में एसपी से मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट



**जागरण, महेश्वर।** महाकुंभ- 2025 से चर्चा में आई महेश्वर की मोनालिसा और फरमान के विवाह का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। आयोग ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए खरगोन एसपी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत जांच रिपोर्ट तलब की है। शिकायतकर्ता और परिजनों का आरोप है कि मोनालिसा नाबालिग है और उसने पूर्व में स्वयं को 16 वर्ष का बताया था। लड़की के माता-पिता और फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने शादी के लिए उपयोग किए गए दस्तावेजों को फर्जी बताते हुए इसे दबाव में किया विवाह करार दिया है। आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की पीठ ने मप्र और केरल के मुख्य सचिवों व डीजीपी को इस प्रकरण में आपसी तालमेल बिठाने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में लड़की के नाबालिग होने की पुष्टि होती है, तो तत्काल पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। मानवाधिकार आयोग ने प्रशासन को दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के साथ यह सुनिश्चित करने को कहा है कि विवाह के पीछे कोई अनुचित प्रभाव तो नहीं था। इसके साथ ही पीड़ित लड़की की सुरक्षा, उचित काउंसलिंग और पुनर्वास के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

# जनगणना में लगे कर्मचारियों के तबादलों पर रोक

## प्रतिबंध से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को रखा बाहर, प्रदेश में दो चरणों में शुरू हुआ जनगणना का काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केन्द्र सरकार ने मध्यप्रदेश में जनगणना के काम में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों का 31 मार्च 2027 तक तबादला करने पर रोक लगा दी है। लेकिन इस प्रतिबंध से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को बाहर रखा गया है। राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी कर सकती है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में दो चरणों में जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रथम चरण में अप्रैल से सितंबर 2026 तक हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस प्रारम्भ है। जबकि दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में प्रारम्भ होगा। इस अहम कार्य में प्रदेश सरकार ने 1.90 लाख अधिकारी कर्मचारियों को लगाया गया है। अब इन कर्मचारी अधिकारियों को लेकर केन्द्र के गृह विभाग ने एक आदेश जारी किया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन का यह पत्र मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन के पास भेजा गया है।जिसमें कहा गया है कि जनगणना के दौरान इस कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाए। राज्य सरकार को इस संबंध में आदेश जारी करना होगा और इसकी जानकारी रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त को दी जाएगी। बताया गया है कि राज्य सरकार द्वारा जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी किए जा सकते है। जनगणना कार्य में राज्य की नोडल एजेंसी के तौर पर काम कर रहे गृह विभाग द्वारा अब तक इस संबंध में विभागों को कोई आदेश जारी नहीं किए गए है।



### बड़ी प्रशासनिक सर्जरी पर आदेश से नहीं पड़ेगा फर्क

जानकारों की मानें तो केन्द्र सरकार के इस आदेश का असर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादलों पर नहीं पड़ेगा। यह आदेश डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी व अन्य कर्मचारियों के तबादलों पर असरकारक होगा। ऐसे में प्रदेश में होने वाली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी पर इस आदेश का कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हालांकि सूत्रों का यह भी कहना है कि बड़े स्तर पर होने वाले प्रशासनिक तबादले अप्रैल माह में होने की संभावना काफी कम है। दरअसल कुछ वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बतौर प्रेक्षक राज्यों के विधानसभा चुनाव में व्यस्त है। ऐसे में सरकार उनके वापस आने का इंतजार करेगी और उसके बाद फेरबदल किया जाएगा। कहा जा रहा है कि यदि इस संबंध में प्रदेश सरकार को केन्द्रीय गृह विभाग से तबादलों के लिए स्वीकृति लेनी पड़ी तो उसे भी राज्य सरकार मानेगी।

### 16 अप्रैल से प्रारंभ होगी जनगणना

मध्यप्रदेश में जनगणना का कार्य 16 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। जनगणना निर्देशालय द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार दो चरणों में यह कार्य पूरा किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 1.90 लाख अधिकारी कर्मचारियों को चिन्हित किया है। इसमें से 1.60 लाख सीधे तौर पर प्रगणक और सुपरवाइजर के तौर पर काम करेंगे,तो शेष 30 लाख अफसर कर्मचारी आरक्षित और पूरी प्रक्रिया की निगरानी का काम देखेंगे। इसके लिए पिछले दिनों जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम भी शुरु कर दिया गया है।

### फिलहाल तबादलों पर रोक जून में हटने की उम्मीद

केन्द्र सरकार के इस आदेश को पूरी तरह से पालन करने में राज्य सरकार को कोई दिक्कत नहीं आने वाली है,क्योंकि प्रदेश सरकार पहले ही अधिकारी कर्मचारियों के तबादलों पर रोक लगाए हुए है। प्रशासनिक जानकारों का माने तो राज्य शासन का प्रयास है कि दो माह बाद यानि जून माह में अधिकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया जाए। जिससे तय समय सीमा में एक ही स्थान पर जमे अधिकारी कर्मचारियों के तबादले किए जा सके। अगर ऐसा होता है,तो सरकार जून माह में कुछ दिनों के लिए तबादले करने की छूट विभागों को दे सकती है,लेकिन उस दौरान यह छूट जनगणना में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगी।

### अगली कैबिनेट में आएगा यूसीसी समिति गठित करने का प्रस्ताव

मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता(यूसीसी) को लागू करने सरकार जल्द समिति का गठन करेंगी। जिसके लिए अगली कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। समिति द्वारा इसके लिए विधेयक तैयार कराया जाएगा,जिसे अगले विधानसभा के अगले सत्र में सदन में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को जबलपुर प्रवास के लौटने के उपरांत राज्य में समान नागरिक संहिता लागू कराने को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। जानकारों की माने तो बैठक में तय किया गया है कि इसके लिए जल्द की समिति का गठन किया जाए, जिसके लिए अगली कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा। जिसके द्वारा यूसीसी बिल को तैयार कराया जाएगा। इस मामले में सरकार विपक्षी दलों के साथ भी चर्चा कर सकती है।

### 16 अप्रैल को लगेगा चिंतन शिविर

**भोपाल।** सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि समाज कल्याण के क्षेत्र में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कैसे किया जाए। इसमें मैदानी अमले के अनुभव को सुझावों के रूप सम्मिलित करने के लिए 16 अप्रैल को चिंतन शिविर का आयोजन भोपाल में किया जायेगा। सामाजिक न्याय विभाग, वृद्धजन को प्रदेश के धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगा। मंत्री कुशवाह ने बुधवार को मंत्रालय में विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

### नावार्ड अध्यक्ष से मिले अपेक्स बैंक के एमडी

**विसं भोपाल।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष शाजी कृष्णन से भोपाल प्रवास पर अपेक्स बैंक, भोपाल के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने भेंट कर मप्र में कृषि एवं ग्रामीण विकास की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। क्षेत्रीय कार्यालय नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सी. सरस्वती, अपेक्स बैंक के उप महाप्रबंधक केटी सज्जन, ओएसडी अरविंद बौद्ध भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान गुप्ता ने मध्यप्रदेश में पैक्स एवं सहकारी बैंकों के सुदृढ़ीकरण हेतु किये जा रहे कार्यों से नाबार्ड अध्यक्ष को अवगत कराते हुए, नाबार्ड से इस दिशा में योजनाएं बनाने का अनुरोध किया।

# नारे लगाते रहे शिक्षक, बाहर आने तैयार नहीं थे डीपीआई के अधिकारी, धरना देने पर आए

## टीईटी अनिवार्य करने से नाराज शिक्षकों का प्रदर्शन, संचालक बोले- हमें अधिकार नहीं



**जागरण, भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को अनिवार्य बताते हुए आदेश जारी करने वाले लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारी बुधवार को नाराज शिक्षकों का सामना करने तैयार नहीं थे। प्रदेशभर से आए सैकड़ों शिक्षक काफी देर तक नारे लगाते रहे। जब कोई अधिकारी उनसे मिलने और ज्ञापन देने तैयार नहीं हुआ तो नाराजगी जताते हुए सारे शिक्षक गेट रोककर वहीं धरना देकर बैठ गए। काफी देर बाद संचालक लोक शिक्षण आए और बोले कि शिक्षकों की इस समस्या के समाधान का उन्हें अधिकार नहीं हैं। मुख्यमंत्री के नाम शिक्षकों का ज्ञापन उन्होंने रख लिया। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले प्रदेश भर से शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी बुधवार को भोपाल पहुंचे थे। पुराने शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग करते हुए इन शिक्षकों ने पहले विशाल रैली निकाली। गौतम नगर और आसपास के क्षेत्रों में रैली निकाल ये शिक्षक डीपीआई पहुंचे। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी शिक्षक संचालनालय के अधिकारियों से मिलने की मांग कर रहे थे। मगर काफी देर तक प्रदर्शन करने के बावजूद कोई अधिकारी शिक्षकों से मिलने तैयार नहीं था। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता इन दिनों छुट्टी पर चल रही हैं। संचालक केके द्विवेदी अंदर ही बैठे रहे। कई घंटे इंतजार के बाद भी अधिकारी मिलने नहीं आए तो शिक्षक नाराजगी जताते हुए वहीं धरने पर बैठ गए। इससे पूरे परिसर



में अफरातफरी मच गई। शिक्षकों की संख्या ज्यादा होने से बाहर सड़क पर यातायात भी बिगड़ने लगा। काफी देर बाद संचालक द्विवेदी शिक्षकों से मिलने पहुंचे और ज्ञापन लेते हुए बोले कि सरकार ही निर्णय लेगी। संचालनालय के अधिकारियों को इस मामले में दखल देने का अधिकार नहीं है।

**पूरे प्रदेश में किया प्रदर्शन:** अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी उपेंद्र कौशल का कहना है कि डीपीआई के आदेश से प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। इसके खिलाफ बुधवार को प्रदेश भर में जिला स्तर पर शिक्षकों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे हैं। यदि 11 अप्रैल तक मध्य प्रदेश सरकार टीईटी परीक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल नहीं करती है, तो 18 अप्रैल को प्रदेशभर के शिक्षक भोपाल में एकत्र होकर परिवार सहित प्रदर्शन करेंगे। मांगें पूरी नहीं होने तक तक शिक्षक राजधानी में डटे रहेंगे। इसके पूर्व 11 अप्रैल को हर ब्लॉक में जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। 18 अप्रैल से भोपाल में धरना देने के साथ ही मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा भी निकाली जाएगी। शिक्षकों के साथ उनके परिवार भी सरकार के आदेश के खिलाफ धरने में शामिल होंगे।

### शिक्षक बोले- फिर डीपीआई ने आदेश क्यों निकाला

प्रदेश भर से आए शिक्षकों की नाराजगी इस बात से है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश सरकार ने समय सीमा में रिव्यू पिटीशन नहीं लगाई। फिर रिव्यू पिटीशन पर फैसले का इंतजार करने की बजाय, लोक शिक्षण संचालनालय ने आननफानन में आदेश क्यों जारी कर दिया? आदेश के साथ टीईटी अनिवार्य करते हुए परीक्षा कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने कोर्ट के फैसले पर विधिक राय भी नहीं ली गई। परीक्षा कार्यक्रम अविलंब निरस्त किया जाए। उत्तरप्रदेश, पंजाब, तमिलनाडू, जम्मू-कश्मीर, केरल की तरह मध्यप्रदेश सरकार भी तत्काल रिव्यू पिटीशन लगाए। साथ ही आरटीई के लागू होने के बाद 2009 के पहले से नियुक्त शिक्षकों को पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से अलग रखा जाए।

# यूसीसी: सभी को विश्वास में लेकर काम करे सरकार, किसी का अपमान नहीं हो : सिंघार

## मप्र में समान नागरिक संहिता लागू करने सरकार की तैयारी को लेकर बयान

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने सरकार की तैयारी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा का कहना है कि इससे एक जाति विशेष 5 पत्नी और 25 बच्चे पैदा करने पर रोक लगेगी। क्योंकि इससे आबादी का नया संकट खड़ा हो रहा है। शर्मा ने कहा कि यूसीसी लागू होने से देश में सभी को समान शिक्षा,समान रोजगार और सरकारी योजनाओं का समान लाभ मिलने लगेगा। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उनका स्वयं नारा रहा है कि बच्चे दो ही अच्छे। ऐसे में यूसीसी को लेकर कांग्रेस को सहयोग करना चाहिए। इधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इस मामले में सभी को विश्वास में लेकर सरकार को कदम उठाना चाहिए। किसी भी समाज का अपमान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के पास कई कानून अभी भी लंबित पड़े हुए हैं। आदिवासियों के कानून को लेकर जो कमेटी बनाई गई,उसकी रिपोर्ट को भी सामने लाना चाहिए। जिसे सरकार विधानसभा में पारित कराए।





### मुस्लिम बच्चे कम करना चाहती है सरकार : मसूद



विधायक रामेश्वर शर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा कि अनुच्छेद44 का मकसद कॉमन सिविल कोड था। अगर आप एक वर्ग को छोड़ेंगे और दूसरों को रखेंगे,तो स्पष्ट कहिए कि आप सिर्फ मुसलमानों को निशाना बनाना चाहते है। क्या वे सिर्फ मियां भाइयों के बच्चे रोकना चाहते हैं और दूसरे के बढ़ाना चाहते है।क्योंकि भाजपा और संघ के नेता स्वयं कह रहे है कि ज्यादा बच्चे पैदा करो,तो फिर यह दोहरा मापदण्ड क्यों । मसूद ने कहा कि यह सब जनता को उलझाने के लिए किया जा रहा है। सरकार चाहती है कि जनता गैस खाद की कमी और बाढ़ की तबाही भूलकर सिर्फ यूसीसी की बहस में उलझी रहे।

### एकरुपता के लिए यूसीसी जरूरी: सारंग



इस संबंध में सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि देश में एकरुपता के लिए यूसीसी कानून जरुरी है। देश एक है तो कानून भी एक होना चाहिए। लेकिन कांग्रेस से इस मामले में उम्मीद नहीं करना चाहिए,क्योंकि देश की बात हो या फिर प्रदेश की कांग्रेस कभी भी अखंडता और एकरुपता नहीं चाहती। कांग्रेस के पाप सुधारने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

# अफसरों को बतानी होगी विभाग की उपलब्धियां

### विभागीय योजनाओं की समीक्षा में निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के अधिकारियों को अपने विभागों द्वारा पिछले ढाई साल में किए गए बेहतर कार्य और उपलब्धियों की जानकारी राज्य शासन को देनी होगी और इसी आधार पर मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए कार्ययोजना बनानी होगी। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बुधवार को मंत्रालय में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को समाहित कर अपने विभाग की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्य योजना और लक्ष्य 15 अप्रैल तक प्रस्तुत करें। जैन ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल व्यवस्था को लेकर अधिकारी सजग रहे। उन्होंने नए हैंडपंप खनन के लिए एक-दो दिन में एसओपी जारी करने के निर्देश दिए। सीएस ने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों में समय-सीमा से ऊपर के प्रकरणों की समीक्षा करने के साथ सेंपल जांच करने के निर्देश भी दिए हैं। जैन ने वर्ष 1947 के पूर्व बने कानूनों में संशोधन, निरसन और नया एक्ट लाने की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने 31 मई की अंतिम समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागाध्यक्षों से कहा है कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को पूर्ण करें जिससे आवश्यक होने पर मंत्रि-परिषद की मंजूरी ली जा सके। बैठक में एक्शन प्लान-2028 की प्रगति रिपोर्ट का स्टेट्स रिव्यू भी किया गया। जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान में सम्मलित सभी ग्रामीण, नगरीय, वन क्षेत्र आदि के कार्यों की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट एक ही प्रारूप में रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव सहित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### विधानसभा क्षेत्रों में जल्द निर्मित कराएं खेल परिसर

**विसं भोपाल।** प्रदेश सरकार राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक खेल परिसर के निर्माण कराएगी, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को शीघ्र ही लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। प्रत्येक विस में एक इसके लिए पृथक एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने का आधार बनेगा। इसी तरह इस बार के समर कैंप में अधिक से अधिक नए बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा उनके अभिभावकों को भी खेल गतिविधियों में शामिल करने की योजना बनाई जाए। मंत्री ने प्रदेश में पूर्व से निर्मित खेल परिसरों के उन्नयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि इन परिसरों में युवा केंद्रित गतिविधियों को भी जोड़ा जाए जिससे अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित हो सके और खेल के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास को भी बढ़ावा मिल सके।

**कार्यवाही** 8 महामंत्री व 27 जिला मंत्रियों पर निष्क्रियता के चलते की गई कार्यवाही, तीन माह का मिला समय

# यूथ कांग्रेस के 35 पदाधिकारियों के पद किए होल्ड

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय युवा कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के 35 प्रदेश पदाधिकारियों के पद होल्ड कर दिए हैं। ये कार्यवाही उनकी निष्क्रियता के चलते की गई है। इन सभी पदाधिकारियों को 3 माह का समय देते हुए अपनी सक्रियता दिखाने को कहा गया है, ऐसा नहीं होने पर उन्हें पद से मुक्त कर दिया जाएगा। इन पदाधिकारियों में 8 महामंत्री व 27 जिला मंत्री शामिल है। आईवाईसी के प्रदेश प्रभारी महासचिव शिवि सिंह चौहान ने इस संबंध में सभी 35 पदाधिकारियों को उनकी निष्क्रियता से अवगत कराया है। इस संबंध में दिल्ली से भेजे गए पत्र में साफ तौर पर कहा गया कि उन्हें दिए गए दायित्वों के प्रति उनके द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई गई है और लगातार संगठन के कार्यों के प्रति उनकी निष्क्रियता सामने आई है। इसी आधार पर संबंधित पदाधिकारियों के दायित्वों को अगले 3 माह तक के लिए होल्ड किया गया है। यदि निर्धारित समय में पदाधिकारियों द्वारा सक्रियता नहीं दिखाई गई,तो उन्हें तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर दिया जाएगा।



**प्रभार के जिलों में करना है प्रवास:** भारतीय युवा कांग्रेस की गाइडलाइन के आधार पर प्रत्येक प्रदेश महामंत्री को अपने प्रभार के जिलों में 10 दिन और प्रदेश सचिव को 7 दिन रहकर वहां की संगठनात्मक गतिविधियों की मजबूती के लिए कार्य करना है। अगर पदाधिकारी ऐसा नहीं कर पाए, तो इसे उनकी निष्क्रियता के तौर पर देखा जाएगा।

### ऐप के आधार पर हुई कार्यवाही

जानकारी के अनुसार पदाधिकारियों के खिलाफ आईवाईसी ऐप के आधार पर कार्यवाही की गई है। पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है। कहा गया है कि पदाधिकारियों को निर्वाचित हुए लगभग 4 माह पूरे हो चुके है। इस दौरान संगठन द्वारा समय-समय पर बैठकें, आंदोलन एवं अन्य संगठनात्मक गतिविधियां संचालित की गई। पदाधिकारियों की सक्रियता का आंकलन संगठन ने ऐप की सुविधा प्रदान की है, किन्तु इस ऐप के मुताबिक पदाधिकारियों द्वारा निष्क्रियता बरती गई है।

### तीन जिलों के जिला अध्यक्ष पर भी एक्शन

आईवाईसी ने मप्र के तीन जिलों के युवा कांग्रेस अध्यक्षों पर भी एक्शन लिया है। इनमें पुष्पेंद्र सिंह पटेल अलीराजपुर, मयंक जाट रतलाम और रीवा जिलाध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल पर भी संगठन के कार्यवाही की है। रीवा सहित तीनों अध्यक्षों द्वारा संगठन की गतिविधियों पर ध्यान नहीं दिया गया है।

### इन महामंत्रियों के पद होल्ड

सलमान शेख शाजापुर, प्रमोद पटेल रीवा, अब्दुल करीम कुरैशी धार, विनय पाण्डेय सतना, राहुल ठाकुर नरसिंहपुर, सुष्मिता सिंह सिंगरौली, खुशी गुर्जर देवास और मंजू गुर्जर राजगढ़ शामिल हैं।

### इन प्रदेश मंत्रियों पर कार्यवाही

राजीव सिंहअनूपपुर, आशीष चौबे सागर, राज नेमा सिवनी, अभिषेक पांडेय सिवनी, दिगंबर पारधी बैतूल, शिवशंकर पोगरा नीमच, शहरयाज गुज मंदसौर, अमित कुमार सीहोर, मो.यावर चौधरी जबलपुर, सागर मोतियानी विदिशा, विजय सिंह विष्ट सिंगरौली, यश संजय दवे रतलाम, रहुल डोंगले धार, नरेन्द्र यादव भोपाल, मो.शाहवेज खान इंदौर, अब्दुल आमिर जबलपुर, जुनैद अली, हिमांशु वर्वे मंडला, दीपक निखिल चौकसे सागर, दीपक तिवारी सतना, लुकमान कुरैशी आगर, संदीप अग्रहरि जबलपुर, तारिर खान ग्वालियर, अमनदीप सिंह गुरु उज्जैन, दिनेश सोनगरा धार और इम्तियाज अली खंडवा के पद होल्ड किए गए हैं।

### चेतावनी दी गई है: यश

यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का कहना है कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को अल्टीमेटम दिया गया है। उन्हें भरोसा है कि पदाधिकारी अपनी सक्रिय होकर संगठन की मूल भावना के अनुरूप काम करेंगे।

# पूर्व आईएएस सुलेमान को जेल पर रोक, हाईकोर्ट ने दी राहत

### सिंगल बेंच ने दी थी दो महीने जेल की सजा

**जागरण, इंदौर।** अवमानना के मामले में जेल के मुहाने पर खड़े रिटायर्ड आईएएस पूर्व अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ की डिवीजन बैंच ने सुलेमान को सुनाई गई दो माह की जेल की सजा पर रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई 4 सप्ताह बाद होगी। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच ने पूर्व एसीएस की कंटेप्ट अपील पर सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश में यह राहत दी है। अधिवक्ता राज सक्सेना ने कोर्ट में दलील दी कि पूर्व आईएएस को अवमानना की कार्यवाही का कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ था। उन्हें अनुपालन के लिए पारित आदेश की जानकारी भी नहीं थी। वहीं उनके ऊपर 6 दिसंबर 2023 के जिस मूल आदेश के उल्लंघन का आरोप है, उसे पहले ही 2025 में दायर रिट अपील में चुनौती दी जा चुकी है, इस पर स्टे मिल चुका है। डिवीजन बेंच ने अंतरिम राहत देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक 16 मार्च 2026 को पारित सजा के आदेश का क्रियान्वयन स्थगित रहेगा। विपक्षी पक्ष अशोक कुमार पाडेयार को नोटिस जारी किया है।

**इसलिए सजा के दायरे में आए सुलेमान:** मंदसौर के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के नियमितिकरण और एरियर्स से जुड़े मामले में अदालत ने 6 दिसंबर 2023 को आदेश दिया था कि कर्मचारियों को वर्ष 2004 से 7 अप्रैल 2016 तक नियमित किया जाए। विभाग को तीन माह में आदेश का पालन करना था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इस अवधि में आदेश का पालन नहीं किया। नौ कर्मचारियों ने अवमानना का आरोप लगाते हुए याचिकाएं दायर कर दीं। इनमें सभी संबंधित अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण



**जागरण मंडला।** मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 एवं यथा संशोधित अधिनियम 2025 के प्रावधानों के साथ-साथ स्कूल शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकडे, सहायक संचालक श्री एमएस सेन्द्राम एवं एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा भारत ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल मण्डला एवं निर्मला सीनियर सेकेंडरी स्कूल मण्डला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कक्षाओं में जाकर छात्रों की पुस्तकों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विद्यालय केवल संबंधित बोर्ड या परीक्षा निकाय के अनुसार निर्धारित पाठ्यपुस्तकों का ही उपयोग सुनिश्चित करें। साथ ही शासन के निर्देशानुसार एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी छात्र या अभिभावक को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, टाई, जूते, कॉपी आदि किसी चयनित विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं।निरीक्षण के दौरान निजी प्रकाशनों की अधिक मूल्य वाली पुस्तकों को पाठ्यक्रम में शामिल नहीं करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ''स्कूल बैग पॉलिसी 2020'' के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती वरकडे ने चेतावनी दी कि यदि शासन के निर्देशों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय नियम 2020 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# थाना कोतवाली पुलिस ने रात्रि भ्रमण के दौरान चौपाटी से अवैध पिस्टल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार




**छतरपुर।** थाना कोतवाली पुलिस को विगत रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान महल तिराहा में अवैध हथियार सहित संदिग्ध की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम संबंधित स्थान बड़ा तालाब चौपाटी पहुंची। पुलिस ने संदेही की तलाशी ली। तलाशी लेने पर अवैध पिस्टल मिली, अवैध पिस्टल कीमत करीब ?25000 बरामद कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।

आरोपी विनय नामदेव पिता श्याम बिहारी नामदेव निवासी बजरंग नगर थाना सिविल लाइन छतरपुर के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर विधिवत कार्यवाही की गई। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। अवैध हथियार के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। उक्त कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, राजेश यादव, अरविंद शर्मा, थाना सिविल लाइन से वीरेंद्र कुमार एवं टीम की भूमिका रही।

## ब्रजपुरा फोरलेन पर चलती डस्टर कार में भीषण आग, पूरी तरह जलकर खाक

**छतरपुर।** जिले के समीप ब्रजपुरा फोरलेन मार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया, जब छतरपुर की ओर आ रही एक डस्टर कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। घटना के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास से गुजर रहे लोगों ने तत्काल वाहन रोककर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डस्टर कार ब्रजपुरा फोरलेन से छतरपुर की ओर आ रही थी, तभी अचानक वाहन के इंजन से धुआं उठने लगा। चालक ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा किया और बाहर निकल गया। कुछ ही क्षणों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी और कुछ ही देर में पूरी तरह खाक हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, जब तक आग बुझाई जाती, तब तक गाड़ी पूरी तरह जल चुकी थी और उसमें रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया।

# कोर्ट रूम में बवाल : महिला टाइपिस्ट को मारा थप्पड़, आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रथम श्रेणी न्यायाधीश की कोर्ट में एक महिला टाइपिस्ट के साथ मारपीट की घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, प्राइवेट तौर पर टाइपिंग का काम करने वाला आशीष रिछारिया अचानक विवाद के दौरान आपा खो बैठा और उसने महिला कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। घटना होते ही कोर्ट रूम में अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। न्यायालय जैसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले परिसर में इस तरह की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एडिशनल एसपी आदित्य पटेल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में 8वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ




**जागरण मंडला।** 8वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी एवं ग्राम स्तर पर रैली निकालकर आमजन को जागरूक किया गया तथा सभी को 15 दिवसीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया।कार्यक्रम के दौरान परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं हितग्राहियों को पोषण पखवाड़ा के मुख्य घटकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्षों में विशेष देखभाल अत्यंत आवश्यक होती है, क्योंकि इसी अवधि में बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास होता है। इस अवसर पर दीवारलेखन के माध्यम से भी प्रचार किया गया।कार्यक्रम में परिवार के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और बच्चों के संतुलित एवं पौष्टिक आहार पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।इससे बचाव के लिए पारंपरिक खेलों और स्थानीय रूप से बनाए जाने वाले खिलौनों को बढ़ावा देने की सलाह दी गई, ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर तरीके से हो सके। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ एवं पोषित समाज के निर्माण का संदेश दिया गया।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**छतरपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल विभाग द्वारा एक प्रभावशाली स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टेण्ड विथ साइंस रही, जिसका उद्देश्य समाज को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य विषयों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें रोगों की रोकथाम, पोषण एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिससे उनकी जानकारी एवं जागरूकता का आकलन किया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा आमजन को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रैली, पोस्टर एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिनमें डॉ. पूजा सिंह, डॉ. नैनसी सक्सेना, डॉ. पलक खरे, श्रीमती ममता चंद्रवंशी, शमा नाज, साहिबा फरहा, निशी चौरसिया, अंकिता मिश्रा, सुरेन्द्र अहिरवार, जितेन्द्र अहिरवार एवं तुलसीदास पटेल शामिल रहे।

## बुंदेलखंड के लिए बड़ी सौगात : खजुराहो-छतरपुर-भोपाल रेल लाइन सर्वे को हरी झंडी

**छतरपुर।** बुंदेलखंड के विकास की दिशा में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए छतरपुर और पर्यटन नगरी खजुराहो को सीधे राजधानी भोपाल से जोडने वाली नई रेल लाइन के सर्वे के आदेश जारी कर दिए हैं। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत सागर-छतरपुर-खजुराहो-भोपाल के बीच लगभग 320 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के सर्वेक्षण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। इस नई रेल लाइन के शुरू होने से न केवल छतरपुर जिला बल्कि सागर और दमोह संसदीय क्षेत्र के विकास को भी नए पंख लगेंगे।

**प्रमुख पड़ाव और प्रस्तावित मार्ग की रूपरेखा :** रेलवे द्वारा स्वीकृत किए गए इस सर्वे के तहत रेल लाइन भोपाल से शुरू होकर बंडा, शाहगढ़, हीरापुर और बड़ामलहरा जैसे महत्वपूर्ण कस्बों को जोड़ते हुए छतरपुर और खजुराहो तक पहुँचेगी। वर्तमान में खजुराहो और छतरपुर से भोपाल जाने के लिए यात्रियों को सड़क मार्ग या अन्य लंबी रेल दूरियों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस 320 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित मार्ग के तैयार होने के बाद, बुंदेलखंड के इन पिछड़े और आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी का एक मजबूत जाल बिछ जाएगा, जिससे आर्थिक और सामाजिक बदलाव की नई लहर आएगी।

# एसबीआई मुख्य शाखा में लूट की कोशिश नाकाम

### रुपए छीनकर भाग रहे आरोपी को भीड़ ने दबोचा

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय पर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा में आज उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक शातिर लुटेरे ने बैंक के भीतर ही एक बुजुर्ग कर्मचारी से हजारों रुपए छीनकर भागने का दुस्साहस किया। हालांकि, आरोपी की यह कोशिश नाकाम रही और मौके पर मौजूद बैंक गार्ड व जागरूक नागरिकों ने दिलेरी दिखाते हुए उसे धर दबोचा। बाद में आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बसारी दरवाजा निवासी लल्लूराम वाल्मीकि, जो पशुपालन विभाग में स्वीपर के पद पर कार्यरत हैं, सोमवार सुबह करीब 11 बजे व्यक्तिगत कार्य से एसबीआई की मुख्य शाखा पहुँचे थे। उन्होंने अपने खाते से 49 हजार रुपए की नकदी निकाली और वहीं काउंटर के पास खड़े होकर रुपए गिनने लगे। इसी दौरान वहां पहले से घात लगाए बैठे एक युवक ने अचानक उनके हाथ से करीब 5000 रुपए के नोट छीन लिए और मुख्य द्वार की ओर भागने लगा।

बुजुर्ग लल्लूराम के शोर मचाने पर बैंक में तैनात गार्ड और वहां मौजूद अन्य ग्राहकों ने तुरंत सक्रियता दिखाई। आरोपी बैंक के बाहर निकल पाता, उससे पहले ही लोगों ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुँची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शब्बीर बताया है, जो मूल रूप से भोपाल का रहने वाला है।

## सागौन तस्करों पर ढीमरखेड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### सागौन से भरी पिकअप सहित आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने सागौन तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में लगभग 10 लाख 45 हजार रुपये मूल्य की सागौन लकड़ी बरामद की गई है और अग्रिम कार्रवाई हेतु वन विभाग को सुपुर्द किया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिले में चोरी, नकबजनी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में यह सफलता प्राप्त हुई। 8 अप्रैल को रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद पिकअप वाहन में अवैध सागौन लकड़ी भरकर तस्कर पाली क्षेत्र से पिपरिया की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर झारापानी रोड पर घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस एवं वन विभाग की टीम ने पीछा कर वाहन को ग्राम पिपरिया में एक घर के अंदर खड़ा पाया। मौके से कई तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पिकअप बोलोरो मैक्स से 10 नग सागौन की सिल्लियां जप्त पिकप व सागौन कुल कीमतरू 10 लाख 45 हजार लगभग बरामद की गईं।

# पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दिवंगत आरक्षकों के परिजनों को बीमा दावा राशि प्रदान



**जागरण मंडला।** 35वीं वाहिनी, पुलिस ग्वारा मंडला में पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत दिवंगत आरक्षकों के नामांकित परिजनों को बीमा दावा राशि प्रदान की गई। स्वर्गीय आरक्षक श्री पवन कास्देकर, जो 35वीं वाहिनी मंडला से प्रतिनियुक्ति पर हॉक फोर्स बालाघाट में पदस्थ थे, का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था। उक्त प्रकरण में उनके नॉमिनी भाई श्री रामकुमार कास्देकर के खाते में एक करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा दावा राशि प्रदाय की गई।इसी क्रम में 35वीं वाहिनी में पदस्थ स्वर्गीय आरक्षक श्री शरद कुंजाम के आकस्मिक निधन (सामान्य मृत्यु) पर उनकी नॉमिनी पत्नी श्रीमती राजकुमारी को पुलिस अधीक्षक मंडला/सेनानी 35वी वाहिनीं श्री रजत सकलेचा द्वारा दस लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त स्वर्गीय आरक्षक श्री नीलेश कुमार के आकस्मिक निधन (सामान्य मृत्यु) पर उनकी नॉमिनी पत्नी श्रीमती अनीता के खाते में 10 लाख रुपये की दावा राशि प्रदान की गई। उक्त राशि उप सेनानी श्री इंद्र सिंह परस्ते, श्री प्रदीप शेंडे, सहायक सेनानी श्री शैलेंद्र सिंह ठाकुर एवं उप निरीक्षक श्री अनुपम कुटार (नोडल अधिकारी, पुलिस सैलरी पैकेज) की उपस्थिति में प्रदान की गई। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, मंडला के चीफ मैनेजर श्री आशीष मित्तल, सीएसआरएम श्री श्रेयांश कुमार सिंगौर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीच रोड से हटेंगे विद्युत पोल यातायात होगा सुगम



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की पहल पर शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नेहरू स्मारक से बिंझिया तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे 11 केवी एवं एलटी विद्युत पोलों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।यह कार्य कलेक्टर के निर्देशानुसार किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) द्वारा तत्काल कार्यादेश जारी किया गया। इसके तहत आज निर्धारित स्थानों से विद्युत पोलों को शिफ्ट करने की कार्रवाई शुरू की गई, जिसे एक-दो दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पहल से आम नागरिकों को होने वाली असुविधा समाप्त होगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारू हो सकेगी। स्थानीय नागरिकों ने इस कार्य पर खुशी जताई है। कलेक्टर मंडला ने भी संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की है।

# मंदिर से घंटे चोरी करने वाले दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

## कुल 29 नग घंटे कीमत करीब 70 हजार की बरामद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त




जागरण, पन्ना

पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं संपत्ति संबंधी अपराधों का त्वरित खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 08/04/2026 को फरियादी द्वारा थाना पवई में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि ग्राम सिमरा कला स्थित प्राचीन मसान बब्बा मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि के समय श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए पूजा के घंटों की चोरी कर ली गई है। उक्त सूचना पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 115/26, धारा 331(4), 305(क) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में सघन पूछताछ की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी एकत्रित करने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया एवं क्षेत्र में मुखबिर फैलाए गए। लगातार प्रयासों के दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति चोरी किए गए मंदिर के घंटों को बेचने की फिराक में हैं।

प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित घेराबंदी कर दबिश दी गई, जहां से दो आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मंदिर से घंटे चोरी करना स्वीकार किया गया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए कुल 29 नग मंदिर के घंटे (कीमती करीब 70,000/-) एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। रविंद्र सपेरा पिता काशीनाथ सपेरा, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम बरजी, थाना रीठी, जिला कटनी संदीप सपेरा पिता प्रताप बिहारी सपेरा, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम बरजी, थाना रीठी, जिला कटनी उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक रामसजीवन तिवारी, आरक्षक राहुल अहिरवार, आरक्षक रमाकांत कुर्मी एवं वाहन चालक नागेन्द्र मांझी का सराहनीय योगदान रहा।

# एनएसयूआई ने स्थापना दिवस पर किया जागरुकता कार्यक्रम

सीधी। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस पर जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, करौंदिया पानी टंकी में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार स्वयं विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उन्हें शिक्षा, राष्ट्रभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। इंदिरा गांधी, सुभाष चंद्र बोस एवं भगत सिंह के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रनायकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा बच्चों को मिठाई एवं फल वितरित किए गए। अपने संबोधन में विक्रांत सिंह परिहार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं यह व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति सजग रहने, अनुशासन का पालन करने एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को इतिहास के प्रेरणादायक प्रसंगों से भी अवगत कराया गया। खानवा के युद्ध में राणा सांगा की वीरता, गिरी सुमेल के युद्ध में राव मालदेव राठौड़ का शौर्य तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य पराक्रम के उदाहरणों से राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

## आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सोने का मंगलसूत्र एवं नगदी जप्त



जागरण, पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना सलेहा में दर्ज चोरी के अप.क्र. 80/2026 में घर में घुसकर चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से चोरी किया गया मशरूका बरामद किया गया है। मामले में दिनांक 07.04.2026 को आवेदिका साधना रजक पति परषोत्तम रजक उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम करहिया थाना सलेहा द्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट की गई थी कि दिनांक 06.04.2026 की दरम्यानी रात्रि लगभग 01.00 बजे आरोपी रामू पटेल निवासी करहिया द्वारा उसके घर में घुसकर बक्से के ऊपर रखे सूटकेस को खोलकर उसमें रखे नगद 40,000 रुपये एवं सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना सलेहा में अपराध क्रमांक 80/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह द्वारा घटना की विस्तृत जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी गये मशरूका की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनु. अधि. पुलिस गुनौर राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशानुसार मामले के आरोपी की पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये। मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी रमाकांत उर्फ रामू पटेल पिता रामगोपाल पटेल उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम करहिया थाना सलेहा जिला पन्ना के विरुद्ध अपराध प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 09.04.2026 को आरोपी को ग्राम करहिया स्थित मन्दहिया हार के खेत में बनी मड़ैया के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूँछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा चोरी किया जाना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक सोने का मंगलसूत्र एवं 5,000 रुपये नगद जप्त किये जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। रमाकांत उर्फ रामू पटेल पिता रामगोपाल पटेल, उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम करहिया थाना सलेहा जिला पन्ना। पन्ना पुलिस द्वारा आरोपी के बताये अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक सोने का मंगलसूत्र एवं 5,000 रुपये नगद जप्त किये गये हैं। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह, सहायक उप निरीक्षक भैयामन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश प्रजापति, आदित्य कुशवाहा, आरक्षक भरत पांडे बबलू पटेल एवं महिला आरक्षक प्रियंका सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# प्राचीन चैत्रालय में नमो ओमकार महामंत्र का हुआ सामूहिक जाप





जागरण, पन्ना। शाहनगर विश्व णमोकार ओमकार महामंत्र का जाप शाहनगर मुख्यालय के प्राचीन चैत्रालय में दिगम्बर जैन परंपरा के अत्यंत प्रभावशाली संत आचार्य विद्यासागर महराज की परमप्रभावक शिष्या 105 गणनी गौतममती माता जी एवं उत्कर्ष मति माता जी को मौजुदगी में कराया गया इस अवसर पर गौतममती माता ने बताया की 108 बार इस महामंत्र का जाप करने से मानसिक शांति, सकारात्मकता और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है। ततपश्चात सभी ने माता जी के प्रियवचनों का धर्मलाभ लिया इस अवसर पर मनोज जैन,राकेश जैन, प्रवीण जैन,सुरेश जैन,लखन जैन अनुपम जैन,मनीष जैन,रिशी जैन मुनि जैन, शैलु जैन,अमन जैन,राजेश जैन सहित जैन समाज की युवतिया महिलाये व पुरूष मौजूद रह।

# गांव चलो अभियान के तहत सांसद ने किए सीधे संवाद

## विधानसभा पन्ना के ग्राम जरधोवा में लगाई जन चौपाल

## हितग्राहियों को किया लाभ वितरण और वरिष्ठ जनों का किया सम्मान




जागरण, पन्ना। सांसद बीडी शर्मा ने पन्ना विधानसभा के जरधोवा ग्राम में जानचौपाल लगाकर जनता से सीधे संवाद किया इस अवसर पर सांसद ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की मोहन सरकार की जन कल्याणकारी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों सरकार आम जन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मान निधि आयुष्मान भारत योजन लाडली लक्ष्मी योजना लखपति दीदी योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है।

जन चौपाल में ग्रामीणों ने बिजली पानी की समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित कराया इस पर सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है की जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से पानी पहुंचे और देश के प्रत्येक गांव में बिजली सुचारू रूप से पहुंचे उन्होंने जिला प्रशासन जल जीवन मिशन वन विभाग और बिजली विभाग के अधिकारियों को समय सीमा में समस्याओं को निराकरण के निर्देश दिए सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों से ली उन्होंने 5 किलो अनाज हर घर को नियमित रूप से मिलने पर प्रशासन को बधाई दी साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं खासतौर से एंबुलेंस की व्यवस्था बेहतर बनाने की निर्देश दिए सांसद शर्मा ने जन चौपाल में मौजूद पंचायत सचिव को प्रधानमंत्री आवास में बचे हुए ग्रामीणों के नाम जुड़वाने के निर्देश दिए गांव चलो अभियान के मकसद पर प्रकाश डालते उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की मंशा है की सरकार जनता के द्वारा जाए और उनकी समस्या सुनकर मौके पर निराकरण करें प्रधानमंत्री खुद को प्रधान सेवक कहते हैं इसलिए हम जनता के सेवक हैं और आज शासकीय अमले के साथ-साथ हम गांव में आपके घर में मौजूद हैं प्रधानमंत्री मोदी की सरकार और मध्य प्रदेश भाजपा की सरकार आज आपके द्वारा आपके पास आई है सांसद ने कहा कि प्रदेश सरकार भी किसान युवा महिलाओं के सशक्तिकरण करण के लिए प्रतिबद्ध है गांव में सड़क पानी और बिजली और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है की सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने गांव के विकास में सहभागी बने इस दौरान उन्होंने सभी ग्रामीण के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वितग्राहियों से चर्चा की साथ ही उन्होंने ग्राम के युवाओं से आह्वान किया कि वह अपने आसपास के जलाशय को साफ करें और जल संरक्षण पर काम करें आपके सफाई अभियान में हम दोबारा जरधोवा आयेंगे तथा उन्होंने स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता का भी संदेश दिया। श्री शर्मा ने कहां की कोविड के समय जो निशुल्क गल्ला प्रदान करने की योजनाएं चालू की गई थी वह आज भी चालू है और आप सब इस योजना का लाभ उठा रहे हैं इस बात की हमें खुशी है। जनसंपर्क के दौरान सांसद बीडी शर्मा ने गांव वालों को आश्वासन दिया कि बहुत जल्दी ही आपकी बिजली पानी समस्या को निपटाया जाएगा और वन और राजस्व विभाग के विवाद को भी निश्चित समय सीमा के अंदर निपटाया जाएगा। जनसंवाद के दौरान आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हितग्राही ने बताया कि उसके दोनों वाल्व खराब हो गए थे लेकिन प्रधानमंत्री की योजना से लाभान्वित होकर मै अपने परिवार के साथ रह रहा हूं

# हरिकेश सिंह गुर्जर वन रक्षक का देहावसान

पन्ना। स्व. हरिकेश सिंह गुर्जर की भर्ती वनरक्षक पद पर पन्ना



टाईगर रिजर्व अंतर्गत दिनाँक 27/06/2016 को हुई थी7 श्री गुर्जर पन्ना टाइगर रिजर्व पन्ना अंतर्गत दिनाँक 27/06/2016 से 30/07/2025 तक पदस्थ रहे7 श्री गुर्जर का सामान्य वनमण्डल मुरैना में पदस्थिति के दौरान दिनाँक 08/04/2026 को वनो की रक्षा करते हुए रैत के अवैध परिवहन को रोकने की कार्यवाही के दौरान निधन हो गया7 आज दिनाँक 09/04/2026 को क्षेत्र संचालक कार्यालय में पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिवंगत आत्मा को पुष्प अर्पित कर एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# जेके सीमेंट आईटीआई के स्टूडेंट्स ने रचा इतिहास

## 2025-26 में पन्ना के प्रशिक्षु का उत्कृष्ट प्रदर्शन, अजय अहिरवार ने जीता स्वर्ण पदक




पन्ना। पन्ना इंडिया स्किल्स कंप्टीशन 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में जेके सीमेंट द्वारा संचालित यदुपति सिंघानिया इंस्टिट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, पन्ना के प्रशिक्षुओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 30 मार्च से 01 अप्रैल 2026 तक नोएडा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई, जिसका औपचारिक शुभारंभ 29 मार्च 2026 को हुआ। देशभर के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए 600 से अधिक प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी तकनीकी दक्षता एवं कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान जेके सीमेंट पन्ना आईटीआई के छात्रों ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रिकक्लेइंग तथा वांल एण्ड फ्लोर टिलिंग ट्रेड में भागीदारी की। प्रतियोगिता में संस्थान के प्रतिभाशाली प्रशिक्षु अजय अहिरवार ने ब्रिकक्लेइंग ट्रेड में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप 1,00,000 (एक लाख रुपये) की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यूनिट हेड कपिल अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान, बल्कि संपूर्ण मध्य प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विजेता प्रतिभागी एवं संबंधित प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आगे कहा कि यह सफलता संस्थान में उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रणाली, अनुभवी मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है।

# पोषण पखवाड़ा में गर्भवती महिलाओं को दी जानकारी

पवई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिनांक 9 अप्रेल से 23 अप्रेल तक चलाए जा रहे 8 वें पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ बार्ड क्रमांक 15 आगनबाड़ी केंद्र से किया गया जिसमे बच्चे के लिए जीवन के प्रारंभिक से 6 वर्ष तक मस्तिष्क विकास के बारे मे गर्भवती महिलाओ को सुपर वाइजर अन्जू त्रिपाठी द्वारा पोषण के संबंध विस्तार जानकरी एवं सुझाव दिए गए इस दौरान आगनबाड़ी कार्यकर्ता बोर्ड की महिलाए उपस्थित रही । परियोजना अधिकारी डी सी अहिरवार ने बताया कि उक्त अवधि के दौरान नगर सहित परियोजना अन्तर्गत प्रत्येक आगनबाड़ी केन्द्रो पोषण पखवा?ा आयोजित करके गर्भवती महिलाओ और बच्चो को स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी दी जायेगी।

# स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स एजेंसी का बड़ा फर्जीबाड़ा

## बेरोजगारों का किया जा रहा शोषण पंद्रह हजार के स्थान पर दिए जा रहे सात हज़ार

## ब्लैकलिस्टेड होने के बाद नए नाम से फिर मिला ठेका

जागरण, पन्ना। जिले में जनप्रतिनिधियों की उदासीनता तथा भ्रष्ट कार्य प्रणाली के चलते यह जिला शोषण एवं भ्रष्टाचार का पनाह गाह बना हुआ है बाहर की निजी संस्थाएं शासकीय कार्यालयों में जमकर लूट मचाए हुए हैं अधिकारी कर्मचारी भी नियम कानून को न मानते हुए मनमाने ढंग से बाहरी एजेंसियों को संरक्षण दिए हुए हैं जिससे जिले के गरीब बेरोजगार तथा आम लोग लुट रहे हैं उदाहरण के तौर पर स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स एजेंसी पहले कामथेन के नाम से काम करती थी लेकिन उक्त एजेंसी द्वारा फर्जी वाडा किया गया तो उसे ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया था एजेंसी संचालक पंकज मिश्रा ने एजेंसी का नाम बदलकर स्काई बुल रख लिया तथा फिर से वही पूरा संचालन कर रहा है इस फर्जी बाडा में स्वास्थ्य विभाग के लिपिक भी शामिल है। उक्त आउट सोर्स एजेंसी द्वारा जिले भर में लगभग चार सौ से अधिक कर्मचारी ठेका पर लेकर सिक्योरिटी गार्ड,सफाई कर्मी,कंप्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिस्ट आदि पदों पर स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से नियुक्त कर रखा है श्रम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए बेरोजगारों से नियुक्ति के नाम पर मोटी रकम भी वसूल की गई है तथा दस वर्ष से शोषण भी किया जा रहा है सरकार के नियम अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों को कलेक्टर रेट के अनुसार मानदेय देने का प्रावधान है जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आउटसोर्स एजेंसी को नियम अनुसार राशि दी जा रही है लेकिन आउटसोर्स एजेंसी द्वारा बेरोजगार युवकों को मात्र पांच हजार से लेकर आठ हजार की राशि ही भुगतान की जा रही है तथा उनके पीएफ की राशि भी जमा नहीं की जा रही है। आउटसोर्स एजेंसी के मुख्य कर्ताधर्ता पंकज मिश्रा द्वारा यह सारा गोलमाल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मिली भगत से किया जा रहा है इसके संबंध में कर्मचारी संगठनों द्वारा तथा आम लोगों द्वारा शिकायतें की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है गत दिवस कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर श्रीमद् उषा परमार द्वारा कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक ली गई थी जिसमें मामला जमकर उठा था तथा कलेक्टर श्रीमती परमार द्वारा कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया था।

बैठक में मामला उठाने वाले संविदा कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों द्वारा यह मामला उठाया गया था लेकिन संबंधित ठेकेदार पंकज मिश्रा पर कार्यवाही नहीं हुई उल्टा मामला उठाने वाले कर्मचारियों की शिकायतें जरूर ठेकेदार द्वारा कराई जा रही हैं। जिससे मामला उठाने वाले कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी दहशत में है क्योंकि वरिष्ठ अधिकारी संबंधित ठेकेदार को संरक्षण दिए हुए हैं संबंधित आउटसोर्स एजेंसी से संबंधित जानकारी सूचना के अधिकार के तहत मांगने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं दी जाती है।। इनका कहना है गत दिवस कलेक्टर द्वारा परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसको लेकर हमारे द्वारा आउटसोर्स एजेंसी के संरक्षण में काम करने वाले कर्मचारियों के शोषण से संबंधित मामला उठाया गया था संबंधित एजेंसी द्वारा श्रम कानून को ताक पर रखकर कर्मचारियों को मानदेय दिया जा रहा उक्त मामले में कलेक्टर द्वारा कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई उल्टा ठेकेदार द्वारा हमारे साथियों की झूठी शिकायतें कराई जा रही हैं जो गलत है नरेंद्र तिवारी अध्यक्ष संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी जिला पन्ना।

# किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कांग्रेस की जन आक्रोश रैली




जागरण, पन्ना। पन्ना मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर आज पन्ना जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष अनीश खान के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में जिले भर से भारी संख्या में किसान मजदूर महिलाएं एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

**रैली और प्रदर्शन :** आंदोलन की शुरुआत इंद्रपुरी कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय से हुई, जहाँ से कार्यकर्ता रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद कांग्रेसी वहीं धरने पर बैठ गए। काफी देर तक चली नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ज्ञापन लेने पहुंचे।

**ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें :** कांग्रेस ने महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में किसानों के हित में प्रमुख मांगें रखी हैं जिसमें गेहूं खरीदी की तारीखों में बार-बार हो रहे बदलाव को बंद कर व्यवस्था में सुधार किया जाए। सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों से कर्ज वसूली की अंतिम तिथि 30 मई के बाद निर्धारित की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आगजनी से जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, उनका तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए।

**बिजली विभाग की कार्रवाई पर रोक :** बिजली बिलों की वसूली के नाम पर किसानों की संपत्ति कुर्क करने या नीलामी जैसी दमनकारी कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी रुख अपनाए हुए है। एक तरफ प्राकृतिक आपदा ने कमर तोड़ दी है, तो दूसरी तरफ प्रशासन वसूली के नाम पर किसानों को प्रताड़ित कर रहा है। यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो कांग्रेस आने वाले समय में और भी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजभान सिंह प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव वीरेंद्र द्विवेदी,पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, महेंद्र बागरी,शिवजीत सिंह,भरत मिलन पांडे पूर्व प्रत्याशी, वरिष्ठतम कांग्रेसी रामकिशोर मिश्रा,गिरधारी लोधी,पुष्पेंद्र यादव,जीवन लाल सिद्धार्थ,राजेश तिवारी,रवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रमा बुंदेला, जगदीश यादव, राम बहोरी लोधी, मिलन कुशवाहा, बबलू गौतम, सौरभ दुबे, सुरेंद्र नामदेव, छबिलाल चौधरी, प्रेम परस्ते, मुकेश चौरसिया सहित कांग्रेस नेता आनंद शुक्ला, दादूराम मिश्रा, आशीष बागरी, हक्कुन दहायत, जय कुमार कुशवाहा,राकेश शर्मा, कदीर खान, मार्तंड देव बुंदेला, सुरेंद्र सिंह आदिवासी आदि शामिल रहे।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक देना लक्ष्य: डॉ. राजेश

जागरण, सीधी। जिले के जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत तहसील बहरी मुख्यालय स्थित हायर सेकेंड्री स्कूल बहरी में संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितलाभ वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करते हुए उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर लागू कर प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और शासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनसमस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता बनाए रखें। सांसद ने विद्युत विभाग को क्षेत्र की बिजली समस्याओं का मौके पर निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने, हैंडपंप एवं नल-जल योजनाओं की स्थिति सुधारने पर जोर दिया। सांसद ने राजस्व प्रकरणों जैसे बंटवारा, नामांतरण एवं वारिसाना के लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए तथा पंचायतों के विकास कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने की बात कही। विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है और प्रशासन स्वयं लोगों के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।



## 155 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया लाभ

**जागरण, सिंगरौली।** एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय.समय पर अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है इसी क्रम में एनसीएल की निगाही परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत वार्ड क्र. 23 एवं 24 नवानगर में नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान निगाही परियोजना से चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इसके अतिरिक्त इस दौरान उपस्थित सभी को आवश्यक दवाइयों जैसे . प्रोटीन पाउडर कैल्शियम आयरन टॉनिक मल्टी विटामिन एवं अन्य का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस अवसर पर 155 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया जिसमें 30 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि एनसीएल अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

# परियोजना प्रमुख विंध्याचल ने कर्मचारियों को दिलाई सुरक्षा शपथ







## एनटीपीसी विंध्याचल के यूनिट 12 ओवरहॉलिंग टीम को ऊर्जा देने के लिए मेगा पेप टॉक का आयोजन

**जागरण, विंध्यनगर**

एनटीपीसी विंध्याचल के स्टेज.4 में यूनिट–.12 ओवरहॉलिंग टीम को प्रेरित करने हेतु एक प्रभावशाली मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा प्रत्येक कर्मचारी को सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और भावनात्मक संदेश देते हुए कहा कि हर कर्मचारी अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करे ताकि उनके परिजन उन्हें प्रतिदिन सुरक्षित और स्वस्थ घर लौटते हुए देख सकें। वरिष्ठ प्रबंधन ने भी अपने विचार साझा करते हुए सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने पीपीई को दैनिक वर्दी के रूप में अपनाने की आवश्यकता बताई। वहीं एम.सुरेश महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम ने सुरक्षा परमोधर्म का संदेश दिया। एस.के. सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम ने टूल बॉक्स टॉक के बाद पीपीई के नियमित उपयोग और सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन पर बल दिया। आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा ने भीषण गर्मी के दौरान आवश्यक सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों से स्वयं के साथ.साथ अपने सहकर्मियों का भी ध्यान रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संदीप कोहली अपर महाप्रबंधक ईएमडी तथा प्रगीत उपाध्याय अपर महाप्रबंधक बीएमडी ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। इस कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा नामित 45 सुरक्षा.सचेत कर्मचारियों को प्रेरणा स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार के मेगा पेप टॉक कार्यक्रम प्रबंधन और संविदा कर्मियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं जो सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम का समापन आशीष अग्रवाल अपर महाप्रबंधक सुरक्षा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआए जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साहपूर्ण सहयोग की सराहना की।

# स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी दैनिक आदत बननी चाहिए : विधायक



## मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प अभियान के तहत वार्ड 39 में जनभागीदारी से सफाई अभियान आयोजित

**जागरण, वैढ़न।** मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड 39 के डीह बाबा प्रांगण में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह की अगुवाई में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रमदान के माध्यम से क्षेत्र की सफाई की गई तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। डीह बाबा प्रांगण में आयोजित इस विशेष स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधियों सहित आम जन मानस की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। अभियान के दौरान सफाई कार्य श्रमदान के रूप में किया गया जिसमें सभी ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये विधायक श्री शाह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी दैनिक आदत बननी चाहिए। जनभागीदारी से ही हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। उन्होने उपस्थित जन सामूह को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार अवगत कराया तथा उन्हें स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए नागरिकों को किसी भी स्वच्छता संबंधी समस्या की सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक श्री शाह द्वारा उपस्थित नागरिको को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और क्षेत्र को साफसुथरा बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि अमित यादव उपायुक्त आरपी बैस स्वास्थ्य अधिकारी बाल गोविंद चतुर्वेदी आईसी टीम सीटाडेल प्रबंधक रावेन्द सिंह स्वच्छता निरीक्षक एवं सफाई मित्रों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी दैनिक आदत बननी चाहिए। जनभागीदारी से ही हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं यह संदेश कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से दिया गया।

# साधना सप्ताह के तहत नगर निगम सभागार में कार्यशाला आयोजित

**जागरण, वैढ़न।** नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने हेतु विशेष पहल की गई है। इस क्रम मे नगर निगम सभागार में अधिकारियों कर्मचारियो के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नगर निगम सभागार में किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान अधिकारियों कर्मचारियो को पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया प्रोफाइल अपडेट करना पोर्टल एवं मोबाइल एप का प्रभावी उपयोग मॉड्यूल सर्च करना कोर्स पूर्ण करना तथा प्रमाण पत्र डाउनलोड करने संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। 2 से 8 तक आयोजित साधना सप्ताह के तहत निर्धारित थीम के अनुरूप अधिक से अधिक कोर्स पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसका उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की क्षमता संवर्धन सुनिश्चित करना है जिससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाई जा सके। कार्यशाला में नगर निगम आयुक्त ने कहा कि साधना सप्ताह आत्म.विकास नवाचार तथा सेवा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। आप सभी से अपेक्षा है कि इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने ज्ञान एवं कौशल को और अधिक समृद्ध करें ताकि आमजन को उत्कृष्ट एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## वेटरनरी कॉलेज में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन

**रीवा।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज रीवा में कुलगुरु प्रो (डॉ.) मनदीप शर्मा की प्रेरणा एवं अधिष्ठाता डॉ अजीत प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीवीके ईएमआरआई के प्रोडक्ट मैनेजमेंट से डॉ तालिब हुसैन एवं एचआर कृष्णपाल द्वारा इंटरैक्शन एवं साक्षात्कार आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 45 से अधिक छात्रों ने सहभागिता की। इस आयोजन में डॉ पूजा दीक्षित (प्रभारी, प्लेसमेंट सेल) सहित डॉ मानसी शुक्ला, डॉ सुलोचना सेन, डॉ स्वतंत्र कुमार सिंह एवं डॉ जितेन्द्र राजोरिया का विशेष सहयोग रहा।

# मानव संसाधन प्रमुख उत्तरी एवं दक्षिणी क्षेत्र ने संयंत्र परिसर स्टेज-3 के सीसीआर तथा वेलनेस सेंटर का भी किया दौरा









## बच्चों को स्कूल बैग, जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग एवं ट्राइसाइकल का वितरण

**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय मुख्यालय उत्तर एवं दक्षिण के मानव संसाधन प्रमुख एस एन पाणिग्रही ने एनटीपीसी रिहंद परियोजना का दौरा किया। इस दौरे के दौरान श्री पाणिग्रही ने मानव संसाधन और सीएसआर से संबन्धित विविध गतिविधियों तथा योजनाओं की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की। श्री पाणिग्रही ने प्रशासनिक भवन के मंथन हाल में मानव संसाधन कार्यपालकों और अकार्यपालकों के साथ बैठक करते हुए मानव संसाधन नीतियों कर्मचारी कल्याण योजनाओं प्रशिक्षण एवं विकास पहलों के साथ.साथ कार्य.संस्कृति से जुड़े विभिन्न पहलुओं का सम्यक मूल्यांकन करते हुए उन्हें और अधिक प्रभावशाली तथा परिणामोन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिया। इसके पूर्व एसएन पाणिग्रही के परियोजना आगमन पर राजेश बोयपाई मानव संसाधन प्रमुख रिहंद ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने दौरे में श्री पाणिग्रही ने परियोजना प्रमुख संजय असाटी से मुलाक़ात की और परियोजना संबंधी गतिविधियों के बारे में चर्चा किया। इसी अनुक्रम में एसएमसी सदस्यों कार्यपालक संघ यूनियन प्रतिनिधियों युवा कार्यपालकों के साथ अलग–अलग संवाद सत्रों में उनके विचारों और सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना। संवाद सत्रों के बाद उन्होने संयंत्र परिसर स्टेज–.3 के सीसीआर तथा वेलनेस सेंटर का भी दौरा किया और वहाँ की गतिविधियों का अवलोकन किया। श्री पाणिग्रही ने कर्मचारी विकास केंद्र में सीएसआर हितधारकों से भी संवाद स्थापित करते हुए स्थानीय समुदाय के सहयोग की सराहना की तथा बच्चों को स्कूल बैग का वितरण किया। इसी अनुक्रम में धन्वन्तरी चिकित्सालय में जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग एवं ट्राइसाइकल का वितरण करते हुए चिकित्सालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की प्रशंसा की। इसके बाद उन्होने कल्याण निकायों का भी भ्रमण किया और वहाँ पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। त्रिवेणी क्लब द्वारा सदस्यों और उनके परिजनों के लिए आयोजित किए गए बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया। दौरे के समापन से पूर्व श्री पाणिग्रही ने पर्यावरण सम्मान को दर्शाते हुए वृक्षारोपण किया तथा रिहंद परियोजना की कार्य.संस्कृति व्यवस्थाओं और वातावरण की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए अपने दौरे को अविस्मरणीय बताया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर नगर निगम निगम सभागार में कार्यशाला आयोजित

**जागरण, वैढ़न।** स्वच्छता सर्वेक्षण 25–26 की तैयारियों को लेकर नगर निगम सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडों की विस्तृत जानकारी देकर शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाना था। कार्यशाला में स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें कचरा प्रबंधन डोर.टू.डोर कलेक्शन कचरे का पृथक्करण सेग्रिगेशन सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति नागरिक सहभागिता तथा फीडबैक प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया गया कि वे निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करें और सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से लागू करें। इसके साथ ही नागरिकों की भागीदारी



बढ़ाने और जागरूकता अभियान को तेज करने पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय आवश्यक है। शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने के लिए प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी और जवाबदेही भी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यशाला में स्वास्थ्य अधिकारी बी.जी चतुर्वेदी सहायक विधि अधिकारी अक्षत उपाध्याय सीटाडेल प्रबंधक रावेन्द्र सिंह, आईसी मैनेजर आशीष शुक्ला सहित स्वच्छता निरीक्षक सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## कृषि सखियों को मिला प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**रीवा।** कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार में कृषि सखियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि मंथन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संचालक विस्तार सेवाएं डॉ टी आर शर्मा, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहे। वेब कास्टिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के उद्बोधन को कृषि सखियों को दिखाया गया। केवीके रीवा में कृषि सखियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन की नोडल डॉ स्मिता सिंह रहीं। मुख्य अतिथि यूपी बागरी उप संचालक कृषि विभाग रहे व अध्यक्षता केंद्र प्रमुख डॉ ऐके पांडेय ने किया। केवीके में कृषि सखियों की सहभागिता प्राकृतिक खेती पर कौशल एवं ज्ञान उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक एके पटेल, डॉ केसी सिंह, डॉ सीजे सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ स्मिता सिंह, डॉ संजय सिंह एवं एमके मिश्रा ने प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिया।

# पुलिस बैंड की मनमोहक प्रस्तुति से गूंजा सिंगरौली

## युवाओं को पुलिस बैंड भर्ती हेतु किया प्रेरित





**जागरण, वैढ़न।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा आरक्षक बैंड भर्ती 26 के व्यापक प्रचार.प्रसार एवं युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत आज सिंगरौली जिले में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में 9 वी वाहिनी रीवा पुलिस बैंड द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माजन मोड़ एवं अम्बेडकर चौक में किया गया जहां पुलिस बैंड द्वारा देशभक्ति एवं अन्य मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी गई। बैंड की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कार्यक्रम के माध्यम से पुलिस बैंड में भर्ती होने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा युवाओं को बताया गया कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आरक्षक बैंड के पदों पर भर्ती प्रक्रिया 5 अप्रैल से प्रारंभ होकर 19 अप्रैल तक एमपी ऑनलाइन की वेबसाईट पोर्टल के माध्यम से अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। पुलिस द्वारा आमजन एवं युवाओं से अपील की गई कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें एवं पुलिस बैंड का हिस्सा बनकर देश सेवा में अपना योगदान दें।

# कलेक्टर ने जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का किया वार्षिक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्थाओं फायर सेफ्टी का भी किए अवलोकन

**जागरण, वैढ़न।** कलेक्टर गौरव बैनल ने वित्तिय वर्ष 25–26 समाप्ति उपरांत जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम डबल लाक का निरीक्षण किया। इसके साथ ही कोषालय में पंजीयन का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी ने अवगत कराते हुयें कहा कि जिले में कोर्ट बैंक वा स्टाम्प वेंडरो की मांग पर उपलब्ध कराये जाने वाले टिकट एवं स्टाम्प का संधारण किया जाता है। वही संधारण किए गए पंजीयन का अवलोकन भी कराया गया। कलेक्टर ने कोर्ट द्वारा जप्त किए गए माल का भी निरीक्षण किया इसके साथ ही स्ट्रांग रूम की सुरंक्षा व्यवस्था का भी जायज लिया गया।



कलेक्टर ने कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्धारित दिवसो में ही टिकट एवं स्टाम्प का वितरण करे। तथा पंजियो में किसी भी प्रकार का काट छाट नही होनी चाहिए इस पर विशेष सावधानी रखे। निरीक्षण के दौरान लायसेंसी वेडरो की सूची को अद्यतन करने का भी निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# मझौना में अवैध रेत भंडारण पर खनिज एवं पुलिस विभाग की बड़ी कार्रवाई 174 घन मीटर रेत जब्त

**जागरण वैढ़न।** कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी सुश्री आकांक्षा पटेल के मार्गदर्शन मे खनि निरीक्षक अशोक मिश्रा एराजस्व एवं पुलिस की टीम के द्वारा संयुक्त रूप से आज ग्राम मझौना के निजी भूमि अराजी क्र. 551 एवं 555/658 पर कुल मात्रा लगभग 144 घन मीटर तथा आराजी क्र. 555/1 पर लगभग 30 घन मीटर अवैध रूप से भंडारित लावारिस रेत जप्त किया जा कर रेत नियम के प्रावधान अनुसार रेत ठेकेदार को सुपुर्दगी में दिया जा कर कार्यवाही की गई हैं। प्रकरण मे खनिज नियमों के तहत् अग्रिम नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।



**कार्यालय-साइट महाविद्यालय, सिंगरौली जिला-सिंगरौली (म.प्र.)**

(अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से सम्बद्ध)

साइट /विज्ञापन/2026/048 दिनांक–09.04.2026

म.प्र.विश्वविद्यालय परिनियम 28 (कालेज कोड) के अंतर्गत शैक्षणिक पदों हेतु महाविद्यालय में भर्ती विज्ञापन अधोलिखित पद दर्शित/योग्यता वाले अभ्यर्थियों से दिनांक 11/04/2026 से 25/04/2026 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी अपना बायोडाटा एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र एवं फोटो वाट्सऐप नम्बर 8719091195, 9425477195 या डाक द्वारा भेजें। पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की सूचना दी जावेगी।

| क्र. | पद | विषय/संकाय | संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | सामान्य प्रशासन | एक |
| 02 | विभागाध्यक्ष | शिक्षा संकाय | एक |
| 03 | सहा.प्राध्यापक | गणित, कम्प्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान, बायोटेक्नोलॉजी, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, कम्प्यूटर, हिन्दी, राजनीति शास्त्र समाज शास्त्र, योगा, समाज कार्य, प्रबंध, वाणिज्य, अकांट्स | प्रत्येक में एक |

0 वांछित योग्यता: यूजीसी के मापदण्डों के अनुसार
0 भर्ती के समय आरक्षण नियमों का पालन किया जावेगा।
0 उक्त पदों हेतु वेतनमान उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन के नियमानुसार देय होगा।

**महासचिव**
**शासी निकाय "साइट महाविद्यालय" सिंगरौली (म.प्र.)**

# इस सीजन की दो विजयी टीम आरसीबी और रॉयल्स के बीच मैच आज, विराट की निगाहें खास तिहरे शतक पर

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)




| | |
|---|---|
| यशस्वी (राजस्थान) | 170 |
| समीर रिजवी (दिल्ली) | 160 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 145 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| रवि बिश्नोई (राजस्थान) | 07 |
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 06 |
| राशिद खान (गुजरात) | 05 |

## बाउंड्री मीटर



229 छक्के
427 चौके
28 अर्धशतक

जोस बटलर गुजरात के लिए पारी के शुरुआती छह ओवरों में सर्वाधिक पांच छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। आईपीएल की किसी पारी के पहले छह ओवरों में, बटलर के ये पांच छक्के किसी ऐसे बल्लेबाज की ओर से लगाए गए दूसरे सर्वाधिक छक्के हैं, जो ओपनर नहीं है।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.403 |
| पंजाब | 3 | 2 | 0 | 5 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 4 | 2.501 |
| दिल्ली | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.811 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.275 |
| गुजरात | 3 | 1 | 2 | 2 | - 0.270 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.542 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.715 |
| कोलकाता | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.964 |
| चेन्नई | 3 | 0 | 3 | 0 | -2.517 |

**जेएनएन, गुवाहाटी**

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी से मिल रही आक्रामक शुरुआत के साथ राजस्थान रॉयल्स शुक्रवार को गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल के मैच में अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी, जबकि आरसीबी की उम्मीदें फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल पर टिकी होंगी। दोनों टीमों ने इस सीजन में अपने सभी मैच जीते हैं। राजस्थान ने तीन मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि आरसीबी ने लगातार दो मैच जीते हैं। आईपीएल का यह 16वां मैच गुवाहाटी में खेला जाएगा, जहां पिछला मुकाबला बारिश की वजह से बाधित रहा था, लेकिन राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन जीत हासिल की थी। आरसीबी के खिलाफ भी वो अपने उस विनिंग मोमेंटम को बरकरार रखना चाहेंगे। हालांकि ओवरऑल हेड टू हेड में आरसीबी का पलड़ा भारी है। दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 33 मैच हुए हैं, जिसमें राजस्थान ने 14 और आरसीबी ने 17 मैचों में जीत हासिल की है। वहीं दो मैचों का नतीजा नहीं निकला है। दो साल पहले टी-20 क्रिकेट से विदा लेने के बावजूद आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में कमी नहीं आई है। उनके मार्गदर्शन में आरसीबी ने संतुलित शीर्षक्रम तैयार कर लिया है और पिछले मैच में फिल साल्ट ने भी उम्दा पारी खेली थी। विराट इस मैच में खास मुकाम हासिल कर सकते हैं। कोहली के 269 आईपीएल मैचों में अभी 297 छक्के हैं। अगर वो तीन और छक्के इस मैच में लगा देते हैं तो फिर आईपीएल में उनके 300 छक्के पूरे हो जाएंगे। इसके साथ ही कोहली, रोहित शर्मा और क्रिस गेल की लिस्ट में भी शामिल हो जाएंगे। गेल ने सबसे ज्यादा 357 छक्के लगाए हैं और दूसरे नंबर पर मौजूद रोहित के 309 छक्के हैं। कोहली सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में इस वक्त तीसरे पायदान पर हैं। तीसरे नंबर पर उतर रहे पडिक्कल ने घरेलू क्रिकेट का अपना फॉर्म कायम रखते हुए संतुलित आक्रामकता के साथ बल्लेबाजी की है। आईपीएल में अपने पदार्पण सत्र में आरसीबी के लिए 473 रन बनाने वाले पडिक्कल बाद में राजस्थान और लखनऊ के साथ उस सफलता को दोहरा नहीं सके थे। कप्तान रजत पाटीदार और ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड मध्यक्रम को मजबूती देते हैं। आरसीबी के गेंदबाजों ने भी इस सत्र में प्रभावित किया है। जैकब डफी ने जोश हेजलवुड की कमी पूरी की है, तो बीच के ओवरों में क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने रन रोके हैं।

### यशस्वी-वैभव पर नजरें

वहीं रॉयल्स इस सत्र में सबसे आक्रामक बल्लेबाजी ईकाई के रूप में सामने आई है, जिसका श्रेय जायसवाल और सूर्यवंशी को जाता है। दोनों ने टीम को शानदार शुरुआत देकर विरोधी गेंदबाजों को दबाव में ला दिया है। सूर्यवंशी ने पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह को पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने बेखौफ खेल का फिर परिचय दिया था। रॉयल्स के गेंदबाज भी रणनीति पर अमल करने में कामयाब रहे हैं। पिछले मैच में मुंबई के खिलाफ वैभव और यशस्वी ने जिस तरह से बोल्ट और बुमराह जैसे गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाए थे, उससे उन्होंने अपने इरादे दर्शा दिए हैं। खासकर भुवनेश्वर और जैकब डफी को ये आड़े हाथों ले सकते हैं। यशस्वी अभी तक तीन पारियों में ही 170 रन बना चुके हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 164 का है। वहीं वैभव ने भी तीन पारियों में 249 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 122 रन बना दिए हैं। अभी तक सूर्यवंशी इस सीजन सबसे ज्यादा (11) छक्के भी लगा चुके हैं।



### डेथ ओवर्स में डेविड हो सकते हैं खतरनाक

राजस्थान को डेथ ओवर्स में टिम डेविड को जल्द से जल्द आउट करना होगा, नहीं तो वह मैच को उनकी पकड़ से बहुत दूर ले जाएंगे। इसकी वजह यह है कि डेथ ओवर्स में आईपीएल 2025 से ही डेविड का स्ट्राइक रेट काफी जबरदस्त रहा है। डेविड ने 17-20 ओवरों में 237 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं आईपीएल 2025 से ही उनका स्ट्राइक रेट (मिनिमम 100 गेंद) दूसरा सबसे बेस्ट (201) रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डेविड आखिर के ओवरों में कितने खतरनाक साबित हो सकते हैं।


### संदीप शर्मा के पास है कोहली का तोड़

कोहली की निगाहें एक तरफ जहां तीन और छक्का लगाकर आईपीएल में अपना 300 छक्का पूरा करने पर होंगी। वहीं दूसरी तरफ राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा के खिलाफ उनका रिकॉर्ड उतना अच्छा नहीं रहा है। अब तक 18 पारियों में संदीप ने कोहली को सात बार पवेलियन की राह दिखाई है। इससे पता चलता है कि संदीप के पास कोहली का तोड़ है। हालांकि कोहली ने 150 की स्ट्राइक रेट से संदीप के खिलाफ रन बनाए हैं, लेकिन इस चक्कर में वो आउट भी कई बार हुए हैं। ऐसे में जब यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे तो फिर मुकाबला देखने लायक होगा।



## खेल एक नजर

### मेदवेदेव ने मोंटे कार्लो में बेरेत्तिनी से हार के बाद रैकेट सात बार फेंका



**मोनाको, जेएनएन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में मातेओ बेरेत्तिनी से 6-0, 6-0 से मिली हार के बाद अपना रैकेट सात बार लाल क्लेकोर्ट पर फेंका। इस समय दसवीं रैंकिंग पर काबिज मेदवेदेव 49 मिनट में मुकाबला हार गए। उन्होंने पांच डबल फॉल्ट किए, जबकि बेरेत्तिनी ने एक भी नहीं किया। मेदवेदेव इस साल क्ले पर अपना पहला मैच खेल रहे थे। उन्होंने हाल ही में इंडियन वेल्स में हार्डकोर्ट पर शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज को हराया था।

### माही भाई जैसा बनने की कोशिश करता हूं: प्रभसिमरन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 'इंपैक्ट सब' नियम का पूरा समर्थन करते हुए युवा खिलाड़ियों को 'लाइफलाइन' और आईपीएल में चमकने का सुनहरा मौका देने के लिए इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह विकेटकीपिंग की कोशिश करते हैं। 'इंपैक्ट सब' के नियम की कई क्रिकेट विशेषज्ञों ने आलोचना करते हुए इसे बल्लेबाजों की ओर झुका हुआ और हरफनमौलाओं की उपयोगिता कम करने वाला बताया। प्रभसिमरन ने कहा कि मैं इस नियम को युवा खिलाड़ियों के लिए मौके के रूप में देखता हूं। कइयों को यह नियम पसंद नहीं है, लेकिन अगर एक बल्लेबाज या गेंदबाज टीम में जुड़ता है तो अधिक जोखिम वाले फैसले लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन युवा खिलाड़ियों के लिए यह अनमोल है। जब मैं पंजाब किंग्स से जुड़ा तो उनके साथ आठ साल रहा हूं और उनमें से चार साल मुझे ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। अब इंपैक्ट सब नियम के कारण युवाओं को खेलने के अधिक

# हैरी केन ने दागा चैंपियंस लीग में 11वां गोल बायर्न को रियाल मैड्रिड पर दिलाई 2-1 से जीत

**मैड्रिड, जेएनएन।** चोट से उबरकर वापसी करने वाले हैरी केन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में रियाल मैड्रिड को 2-1 से हराया। केन ने एक गोल किया, जबकि एक अन्य गोल करने में मदद की, जिससे बायर्न 2-0 से आगे हो गया। किलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल करके अंतर को कम किया। केन टखने में चोट के कारण पिछले सप्ताहांत बुंडेसलिगा मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा था। उन्होंने हालांकि न सिर्फ मैच खेला बल्कि शानदार प्रदर्शन भी किया। इस परिणाम से बायर्न म्यूनिख को अगले सप्ताह जर्मनी में होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले बढ़त मिल गई है। वह 2023-24 के बाद पहली बार चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश कर रहा है। केन ने 41वें मिनट में बायर्न के पहले गोल में मदद की। उन्होंने सर्ज ग्नाब्री के साथ मिलकर मूव बनाया और फिर लुई डियाज को पेनल्टी एरिया के अंदर पास दिया। कोलंबियाई फॉरवर्ड ने रियाल मैड्रिड के गोलकीपर एंड्री लुनिन को चकमा देकर गोल दाग दिया। केन ने 46वें मिनट में बायर्न की तरफ से दूसरा गोल किया। यह चैंपियंस लीग में उनका 11वां गोल था। एमबाप्पे ने इसके बाद 74वें मिनट में रियाल मैड्रिड की तरफ से गोल करके उसकी उम्मीदों को जीवंत रखा।

■ 14 गोल इस सत्र में चैंपियंस लीग में करके एमबाप्पे शीर्ष पर काबिज हैं। वह चैंपियंस लीग के एक सत्र में सबसे अधिक गोल करने के रिकॉर्ड से तीन गोल पीछे हैं, जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2013-14 में रियाल मैड्रिड के लिए बनाया था।



### हावर्ट्ज के 91वें मिनट में दागे गोल से जीता आर्सेनल



**लंदन, जेएनएन।** काई हावर्ट्ज के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग के अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। एस्टाडियो जोस अल्वाल्डे स्टेडियम में जब लग रहा था कि मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त होगा तब स्थानापन्न खिलाड़ी हावर्ट्ज (90+1) ने गोलकीपर रुई सिल्वा को छकाते हुए करीब से गोल दागकर आर्सेनल को अगले सप्ताह होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। पुर्तगाल में खेले गए इस कड़े मुकाबले में हावर्ट्ज ने इंजरी टाइम के पहले ही मिनट में गैब्रियल मार्टिनेली के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया।

# डेविड मिलर की मंशा में कमी नहीं निकाल सकते: गावस्कर



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आईपीएल के रोमांचक मैच में एक रन लेने से इनकार करने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज डेविड मिलर का बचाव करते हुए कहा कि उनकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते। जीत के लिए 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को दो गेंद में दो रन की जरूरत थी, लेकिन आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर मिलर ने एक रन लेने से इनकार कर दिया। वह आखिरी गेंद पर चूके, लेकिन एक रन के लिए भागे, लेकिन जोस बटलर के थ्रो पर कुलदीप यादव रन आउट हो गए। गावस्कर ने कहा कि डेविड मिलर बहुत अच्छा खेल रहा था और उसे खुद पर भरोसा था कि वह मैच फिनिश करेगा। उसकी मंशा में कमी नहीं निकाल सकते। प्रसिद्ध कृष्णा ने एक शानदार धीमा बाउंसर डाला, जिसे वह खेल नहीं सका। दबाव के हालात में ऐसा हो जाता है। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर ने कहा कि दबाव के हालात में मैच की स्थिति को लेकर चौकस रहना काफी अहम है, जो भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1986 में टाई रहे मैच में दिखाई थी। चेन्नई में उस मैच में भारत 348 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था। शास्त्री ने नाबाद 48 रन बनाए और सही समय पर एक रन लेकर भारत को 347 रन तक पहुंचाया, जबकि आखिरी गेंद पर मनिंदर सिंह आउट हो गए।

### शुभमन गिल पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में धीमी ओवरगति के लिए 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा कि कैपिटल्स के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हुए आईपीएल 2026 के मैच नंबर 14 के दौरान गुजरात टाइटंस की धीमी ओवरगति के लिये कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है।

# भारत के खिलाफ जून में एकमात्र टेस्ट मैच से बाहर रह सकते हैं राशिद खान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कमर के ऑपरेशन के बाद टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने की डॉक्टर की सलाह के बाद अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने संकेत दिए हैं कि वह जून में भारत के खिलाफ मुल्लांपुर में होने वाले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं। राशिद ने कहा कि उनकी प्राथमिकता 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए फिट रहने की है। 27 वर्ष के राशिद ने 2023 वनडे विश्व कप के बाद कमर की सर्जरी कराई थी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने उन्हें टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने की सलाह दी है, लेकिन इसके बावजूद पिछले साल उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टेस्ट खेलकर 54 ओवर डाले और 11 विकेट लिए थे। राशिद ने कहा कि यह काफी कठिन सवाल है। डॉक्टर ने मुझे सबसे पहले टेस्ट क्रिकेट से दूर रहने के लिए ही कहा था। इसके बावजूद मैने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट खेला। उन्होंने कहा कि डॉक्टर ने मुझसे कहा कि अगर क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हो तो टेस्ट क्रिकेट खेलते रहो। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट में मुझे मजा आता है और मैं अफगानिस्तान के लिए लंबे समय तक खेल सकता हूं। लेकिन एहतियात बरतनी होगी कि खुद पर अधिक बोझ नहीं डालूं।



# बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप: आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय हारे

**निंगबो, जेएनएन।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, लेकिन पीवी सिंधू और एचएस प्रणय हारकर बाहर हो गए। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज आयुष ने 20वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के चि यू जेन को 21-16, 21-12 से हराया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा। भारत के बाकी खिलाड़ियों के लिए गुरुवार का दिन निराशाजनक रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झियि ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-8 से हराया। कंधे की चोट से उबरकर वापसी करने वाले एचएस प्रणय को चीन के वेंग होंग यांग ने 21-12, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जी ओर तो ई वेइ ने 21-13, 21-14 से हराया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### टी -20: टुर्नामेंट अतुल खरे के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल मास्टर्स फाइनल में



**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच अतुल खरे के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भोपाल मास्टर्स ने रेलवे मास्टर्स को 19 रन से हराकर नौवें मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भोपाल मास्टर्स की फाइनल में भिड़ंत आईपीसीए की टीम से होगी। वेटरन ग्रुप में भोपाल मास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 153 रन बनाए। अतुल खरे ने 35 जबकि पुष्पेंद्र चौहान और दिलीप गंगवानी ने एकसमान 23-23 रन बनाए। रेलवे मास्टर्स के रवि नरवरे ने 32 रन देकर 3 विकेट लिए। ओसाफ उर रहमान ने 2 विकेट लिए। जवाब में रेलवे मास्टर्स 19.3 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। रविंद्र सिंह ने 36, विवेक परिहार और जावेद खान ने 20-20 रन का योगदान दिया। भोपाल मास्टर्स के अतुल ने 17 रन देकर 5 विकेट लिए। ब्रह्मा को दो सफलता मिली। अतुल खरे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वरिष्ठ क्रिकेटर और एनआईएस कोच शैलेश शुक्ला और बीडीसीए के उपाध्यक्ष डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने अतुल को पुरस्कृत किया।

### राज्य स्तरीय फुटसल टीम के लिए ट्रायल्स 11 अप्रैल को



**भोपाल, खेप्र।** हजरत निजामुद्दीन फुटबॉल क्लब द्वारा आगामी राज्य स्तरीय फुटसल चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों के चयन ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। क्लब की गर्ल्स टीम पहली बार इस प्रतियोगिता में भाग लेगी। क्लब पिछले वर्ष शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट फुटसल लीग में चैंपियन रह चुका है और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। ट्रायल्स 11 अप्रैल को शाम 6 से 9 बजे तक कोलार रोड स्थित मानसरोवर स्कूल टर्फ पर होंगे। क्लब के हेड कोच फैसल हुसैन ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोग-2026' 15 अप्रैल से

**भोपाल, खेप्र।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में 'ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (आरोग-2026)' का आयोजन 15 अप्रैल से 30 जून तक किया जा रहा है। न्यूनतम 30 दिवसीय इस शिविर में विकासखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय तक विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिविर में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 'मेरा युवा एमपी' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आरोग-2026 का मुख्य लक्ष्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण देना है। शिविर प्रदेश के समस्त विकासखण्ड मुख्यालय में कम से कम 02 खेल, लघु जिला मुख्यालय पर 04-खेल, बड़े जिला मुख्यालय पर 8-खेल तथा संभागीय मुख्यालय पर 15-खेलों के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।शिविर में प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विविध गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत दैनिक फिटनेस गतिविधियां, योग एवं प्राणायाम सत्र आयोजित किए जाएंगे। व्यक्तित्व विकास के लिए कम्युनिकेशन स्किल, लीडरशिप एवं मोटिवेशनल सत्र आयोजित होंगे। सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियों में प्रतियोगिताएं और रचनात्मक कार्यक्रम शामिल रहेंगे। खेल प्रशिक्षण के तहत इंडोर एवं आउटडोर खेलों में बेसिक से एडवांस स्तर तक कोचिंग दी जाएगी।

### क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी का ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर गुरुवार से शुरू हो गया है। शिविर का शुभारंभ (भोपाल संभाग क्रिकेट संघ) बीडीसीए के सचिव शांति कुमार जैन और रेलवे के एडीआरएम दिनेश कुमार कलमे ने किया। मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के सचिव डॉ. सुशील सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर खिलाड़ियों को विशेषज्ञ कोचेज द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## श्रीमद् भागवत कथा में हुआ नरसिंह अवतार का वर्णन

**सतना।** रामपुर बाघेलान के गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास राष्ट्रीय संत गुरु प्रशन्न दास महराज ने प्रमुख जज्वान श्रीमती उर्मिला सिंह सहित समस्त श्रोताओं को आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन नरसिंह अवतार और प्रहलाद चरित्र का वर्णन हुआ।आयोजित भागवत कथा का श्रवण करने पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह कांग्रेस नेता सज्जन सिंह तिवारी डॉ आदित्य प्रताप सिंह सम्पत सिंह पूर्व सरपंच संजय पाण्डेय डॉ राजेश्वर सिंह सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे और कथा का रसपान किया।

## 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**सतना।** वर्ष 2026 में जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि अभियान के दौरान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।




# हत्या कर फरार चल रहे आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

### बारा पत्थर में की थी हत्या, नागौद पुलिस को मिली सफलता

**जागरण सतना**

नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बारा पत्थर में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले फरार चल रहे आरोपियों को टीआई अशोक पाण्डेय ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके दो अन्य सहयोगियो को भी पकडा है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश , एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एवं एसडीओपी रघुकेसरी के मार्गदर्शन में नागौद पुलिस द्वारा की गई है।



### ये थी घटना

पुलिस ने बताया कि 6 मार्च को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 5 मार्च की रात तकरीबन साढे 9 बजे पटाखा फुटने जैसी आवाजा को सुनकर छत से बाहर जाकर देखा तो गांव के चंदन यादव आलोक सोनी खडे थे तथा एक लडका घर के सामने मोटर साइकर के पास खड़ा था बब्लू यादव के घर के तरफ से चंदन यादव एवं आलोक सोनी दोनो हाथ में बंदूक लिये थे। काफी लोग ईकट्ठा हो गये जाकर देखा तो बडे पापा जमीन पर पडे हुये थे जो मृत थे। उनके गर्दन सीने एवं कमर के पास गोली लगने जैसा निशाना था। तभी बर्षायादव ने यादव की उन्ही लोगो राणा यादव को भी पैर में गोली मार दी है। घटना कारित करने वाले मुख्य आरोपी चंदन यादव आलोक सोनी एवं उनका सहयोग करने वाले राजू विश्वकर्मा संजय साकेत प्रेम पूरवार पिता बसंत पूरवार नागौद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें उन्होने अपना अपराध स्वीकार किया।

**ये सामग्री जब्त** पुलिस ने आरोपी आलोक सोनी से एक नग पिस्टल एवं एक जिंदा कारतूस , एक होंडा साइन बाइक क्रमांक एमपी 19 एमआर 1784 संजय साकेत से एक स्पेलंडर मोटर साइकल क्रमांक एमपी 19 जेडई 7899 जप्त की गई है। पुलिस ने आलोक सोनी पिता स्व. मूलचन्द्र सोनी उम्र 27 साल निवासी रामना टोला नागौद संजय साकेत पिता पुरूषोत्तम साकेत उम्र 31 साल निवासी सिंधौली थाना रामपुर बाघेलान एवं प्रेम पुरवार पिता बसंत पुरवार उम्र 18 साल निवासी धर्मशाला के पास को गिरफ्तार किया है।

## 33 हजार लाडली बालिकाओं का समग्र सत्यापन शेष

**जागरण सतना।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सतना राजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत जिले में 1 लाख से अधिक बालिकाओं का पंजीयन है। योजना के सभी लाभ प्रदान किये जाने के लिए पंजीकृत बालिकाओं का समग्र सत्यापन अनिवार्य है। जिले में इस योजना के तहत पंजीकृत एक लाख से अधिक बालिकाओं में अभी भी लगभग 33 हजार बालिकाओं का समग्र सत्यापन शेष है। सत्यापन में देरी का मुख्य कारण लाडली प्रमाण पत्र एवं समग्र आईडी में बालिका का नाम, जन्म तिथि तथा माता-पिता के नाम में अंतर पाया जाना है। इस कारण कई बालिकाएं योजना के लाभ से वंचित हो रही हैं। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपनी बालिका के समग्र आईडी में यदि किसी प्रकार की त्रुटि है तो तत्काल अपने ग्राम पंचायत, नगर पालिका या नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक सुधार कराएं।

# स्कूटी से नशीली कफ सिरप की तस्करी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### कोलगवां टीआई ने कार्यवाही कर दबोचा



**जागरण सतना।** नशीली कफ सिरप की स्कूटी से तस्करी करने वाले एक आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी डॉ शिवेश सिंह बघेल एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है विवरण

पुलिस को मुखबिर से 9 अप्रैल को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मथुरा सिंह बस्ती गल्ला मंडी के पास स्कूटी में अवैध रूप से विक्री के लिए आनरेक्स कफ सिरप रखा है सूचना मिलते ही पुलिस ने मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर रेड कार्यवाही कर दी। पुलिस को देखकर आरोपी स्कूटी से भागा जो गल्ला मंडी के पीछे वाले गेट पास ही रोड किनारे स्कूटी सहित गिर गया पुलिस ने उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम पुष्पेन्द्र उर्फ प्रांसू जैसवाल पिता बद्री प्रसाद जैसवाल निवासी दुर्गा नगर वार्ड न 19 सतना रहने वाला बताया। जब पुलिस ने स्कूटी की तलाशी ली तो बोरी के अंदर 120 सीसी आनरेक्स कफ सिरप सीलबंद हालत में पाई गई जिसको जप्त कर आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे 10 अप्रैल को न्यायालय में पेश किया गया जायेगा। पुलिस ने उसके कब्जे से स्कूटी क्रमांक एमपी 19 जेड एफ 2438 भी जप्त किया है।

# लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, कई अधिकारियों को नोटिस

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार की महत्वाकांक्षी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देश पर जिले में लगातार समीक्षा के बाद कार्यवाही की जा रही है। हैरानी की बात ये है कि सोहावल परियोजना अधिकारी पुनीत शर्मा की कार्यशैली पर भी सवाल उठा है उन्हे कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। हालांकि श्री शर्मा मुख्यालय में निवास न कर उचेहरा में निवास करते है और वही से विभागीय गतिविधियो का संचालन करते है मगर इसके बाद भी विभागीय अधिकारियों द्वारा उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही किये जाने से मनमानी साफ देखी जा रही है। इस दौरान विशेष रूप से सोहावल (कोठी), रामपुर बघेलान एवं रामनगर ब्लॉकों में प्रदर्शन बेहद कमजोर पाया गया, जहां कई शिविरों में 100 से भी कम वैक्सीनेशन हुआ। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित बीएमओ को चेतावनी पत्र जारी किया गया है। इसके साथ ही इन तीनों ब्लॉकों के बीईओ, बीआरसीसी, सीडीपीओ तथा स्वास्थ्य विभाग के बीसीएम और बीपीएम अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इनमें बीएमओ सोहावल डॉ. अल्का माहुले, रामपुर बघेलान डॉ. राघवेन्द्र गुरजर , रामनगर डॉ. आलोक अवधिया, बीईओ सोहावल आयुषि अग्रवाल, रामपुर बघेलान अरूण प्रताप सिंह, रामनगर राजेश द्विवेदी, बीपीएम सोहावल रविन्द्र साकेत, रामपुर बघेलान विनीत सिंह, रामनगर नागेन्द्र बंसल, रामपुर बघेलान रंजना पटेल, रामनगर अवनीश सिंह, बीआरसीसी सोहावल दिवाकर तिवारी, रामपुर बधेलान संतोष कुमार पटेल, रामनगर चन्द्रप्रताप शुक्ला, सीडीपीओ सोहावल पुनीत शर्मा, रामपुर बघेलान श्रीमती श्वेता जुनेजा, रामनगर नागेन्द्र तिवारी के नाम शामिल है।



Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Balaghat: SAI BAJAJ 9425822517 • Chatarpur: TIKARIYA BAJAJ 7470901984• Satna: FOUZDAR BAJAJ 8109073002, 9399480294, 9425173001, AA Autorider: 9098500556 9098500557 Rewa UPPAL BAJAJ 07662-408300, 9301991092, 9424822015 • Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612• Sidhi JL Motors 9303942425 6269279293• Shahdol: JAYSHREE BAJAJ 7879858023 • Singroli: Waidhan JAISWAL BAJAJ 7354131415 • Tikamgarh: TIKARIYA BAJAJ 7999169461.

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com